दैनिक **नवप्रदेश**

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | अभिव्यक्ति 3 | राजधानी 6 | आंचलिक 7 | छत्तीसगढ़

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, बुधवार 22 मार्च 2023, कृष्ण पक्ष प्रतिपदा, विक्रम संवत-2078 वर्ष-8 अंक-329 पृष्ठ-08 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना का शुभारंभ, किसानों की सलाना 15 से 20 हजार होगी आय

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मंगलवार को विश्व वानिकी दिवस के अवसर पर राज्य के सभी 33 जिलों के 42 स्थानों में मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना का शुभारंभ किया। यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों में वाणिज्यिक वृक्षारोपण को बढ़ावा देकर किसानों की आय में वृद्धि करने के लिए शुरू की गई है। सीएम ने विधानसभा परिसर स्थित अपने कार्यालय कक्ष से योजना का ऑनलाइन शुभारंभ कर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह योजना छत्तीसगढ़ में वनों के संरक्षण-संवर्धन तथा हरियाली के प्रसार के लिए एक और महत्वपूर्ण योजना साबित होगी। इस मौके पर वन संसाधन अधिकारों को लोगों तक सुगमता से पहुंचाने के लिए मोबाईल आधारित एफ आरए टूल का लोकार्पण किया और वनोपज आधारित अर्थव्यवस्था को गति देने तथा व्यापारियों

■ शेष पृष्ठ 6 पर

मोबाइल एप का लोकार्पण

सीएम ने कार्यक्रम के दौरान सामुदायिक वन संसाधन अधिकार जारी करने की प्रक्रिया को ट्रेक करने हेतु मोबाइल एप का लोकार्पण भी किया। इस मोबाइल एप के उपयोग से सामुदायिक वन संसाधन अधिकार प्राप्त करने की पूरी प्रक्रिया सरलीकृत होगी। सामुदायिक वन संसाधन अधिकार के आवेदन से लेकर अधिकार प्राप्ति तक 12 स्तर की प्रक्रिया है तथा 18 प्रपत्रों में जानकारी भरी जाती है। मोबाइल एप के माध्यम से अधिकार प्राप्त करने की प्रक्रिया का मॉनिटरिंग भी की जा सकती है।

किसानों को होगी अतिरिक्त आय

मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना में सभी वर्ग के इच्छुक किसानों की पड़त भूमि में वाणिज्यिक वृक्षारोपण होगा। योजना के तहत 33 जिलों के 23 हजार 600 किसानों द्वारा 36 हजार 230 एकड़ में वृक्षारोपण किया जाएगा। योजना से किसानों को सालाना प्रति एकड़ 15 से 50 हजार रूपए तक की आय होगी। इसके अलावा कार्बन क्रेडिट के माध्यम से भी किसानों को अतिरिक्त आय होगी। इस योजना के माध्यम से अगले 5 वर्षों में 1 लाख 80 हजार एकड़ में वृक्षारोपण किया जाएगा। यह योजना हितग्राहियों की आय में वृद्धि के साथ-साथ ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आज बेबाक

कहा जाता है कि जितना बड़ा जूता होता है उतनी ही ज्यादा पालिश लगती है लेकिन घुंघरू सेठ की बात अलग है। वे छोटे जूते को चमकाने पालिश की दर्जनों डिब्बियां इस्तेमाल करते है। एक आने का काम करते है और उसके प्रचार पर पूरा एक रूपया फूंक देते है। इस बार उनकी दरियादिली पर केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने सख्ती दिखाई और नई दिल्ली सरकार के बजट पर अड़ंगा लगा दिया। बाद में बजट पेश करने की अनुमति भी दे दी लेकिन केन्द्र सरकार ने घुंघरू सेठ को बता दिया कि वे खुद को दिल्ली का मालिक न समझे।

//-- सुविचार --//

सलाह के सौ शब्दों से ज्यादा अनुभव की एक ठोकर इंसान को बहुत मजबूत बनाती है।

जनसंख्या

विश्व : 8,023,119,849

भारत : 1,417,677,524

बाजार

सेंसेक्स : 58074.68

निफ्टी : 17107.50

गोल्ड :60,150 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 72,100 प्रति किग्रा

अण्डा दर : 4.46 प्रति नग

प्रदेश का मौसम

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रायपुर	29.8	18.7
बिलासपुर	29.6	18.4
जगदलपुर	30.4	19.9
अंबिकापुर	27.4	16.0

आज का दिवस

विश्व जल संरक्षण दिवस

22 मार्च यानि विश्व जल संरक्षण दिवस। प्रत्येक वर्ष, पूरा विश्व और जल संरक्षण के प्रति जागरुकता इन तीन आधारभूत बिंदुओं पर जल संरक्षण की दिवस की नींव है, लेकिन शायद यह नींव उतनी भी मजबूत नहीं है। पानी का व्यर्थ बहाव इस बात की ओर इशारा करता है। पूरा विश्व जल संरक्षण के मुद्दे पर एकजुट है, क्योंकि जल ही जीवन है और यह जीवन जीने के लिए बुनियादी आवश्यकता है। लेकिन इसके बावजूद पानी का व्यर्थ बहाव, इस ओर इशारा करता है कि हम अब भी उसके असली महत्व को समझ नहीं पाए हैं। प्रतिवर्ष जल संरक्षण दिवस के उपलक्ष्य में पानी बचाओ अभि?यान से जुड़े विभिन्न जागरुकता कार्यक्रम और अन्य गतिविधि?यां की जाती है। विश्व जल संरक्षण दिवस मनाने की शुरुआत 1993 में संयुक्त राष्ट्र की सामान्य सभा द्वारा हुई, जब सभा में इस दिन को वार्षि?क कार्यक्रम के रुप में मनाए जाने की घोषणा की गई।

बेमौसम बारिश से फसलें खराब : विपक्ष का स्थगन खारिज

■ अग्राह्यय होते ही सरकार पर लगाया किसानों के मुद्दे पर चर्चा से भागने का आरोप

रायपुर/नवप्रदेश। विधानसभा का बजट सत्र जारी है। सरकार को घेरने के लिए जहां विपक्ष हर संभव चक्रव्यूह रचने में जुटा हुआ है वहीं विपक्ष के तरकस में सजे हर तीर को निशाने से भटकाने के लिए सरकार भी तैयार है। विपक्ष की कोशिश है कि किसी भी तरह सरकार को विधानसभा में घेरा जाए तो वहीं सत्ता पक्ष की कोशिश है कि विपक्ष के हर चाल की काट तैयार कर लिया जाए। मंगलवार को भी पक्ष-विपक्ष में जोरदार टकराव देखने को मिला। मंगलवार को शून्यकाल में बीजेपी ने बेमौसम बारिश से फ सल खराब होने का ■ शेष पृष्ठ 6 पर

स्काई वॉक का मुद्दा भी उठा

विधानसभा में रायपुर के स्काई वॉक का मुद्दा उठा। इसे लेकर किसी भी तरह का फैसला लेने के लिए विधायक सत्यनारायण शर्मा की अध्यक्षता में बनाई गयी कमेटी ने अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी है। कमेटी ने आधे-अधूरे बने स्काई वॉक का निर्माण पूरा किये जाने के पक्ष में अपनी रिपोर्ट दी है। मामले में कमेटी के अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा ने कहा कि स्काई वॉक में गैरकानूनी तरीके से काम हुआ है, जिसकी जांच ईओडब्ल्यू कर रही है। उन्होंने कहा कि इसे तोड़ने में लगभग 50 करोड़ रुपये खर्च होंगे जो कि लोक धन का अपव्यय होगा। ऐसे में हमारी समिति ने रिपोर्ट पेश कर दी है और अब अंतिम फैसला सरकार को लेना है।

चंद्राकर ने सरकार पर साधा निशाना

पूर्व मंत्री और विधायक अजय चंद्राकर ने सरकार पर निशाना साधते हुआ कहा कि विधानसभा के पहले सत्र के दौरान आप मेरा भाषण निकालकर देख लें,जब सत्यनारायण शर्मा की अध्यक्षता में कमेटी बनी थी, उसी समय मैंने कह दिया था कि सरकार जानबूझकर लागत बढ़ाकर रिटेंडर करेगी और यह सच साबित हुआ। उन्होंने कहा कि सत्यनारायण शर्मा की कमेटी ने कह दिया है कि स्काई वॉक बनाना जरूरी है और यही इसका एक विकल्प है। इसकी आलोचना करने वाले जितने भी लोग हैं,उन पर यह बात साबित होती है कि लागत बढ़ाकर वे भ्रष्टाचार करने वाले थे। यह पहले से नियोजित थी और अब सत्यापित भी हो गई है।

बंद स्कूलों को लेकर तकरार

पूर्व नेताप्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने पूछा- जन घोषणा पत्र में क्या बंद स्कूलों को प्रारंभ करने की घोषणा भी की गई थी। प्रदेश में जनवरी 2019 से दिनांक 31 जनवरी 2023 तक कितने नक्सल प्रभावित बंद स्कूलों को प्रारंभ किया गया है। इसमें कितने शिक्षक कार्यरत हैं तथा कितने बंद स्कूलों को चालू करने की योजना है। जिस पर स्कूल शिक्षा मंत्री प्रेमसाय सिंह टेकाम ने दिया जवाब- 275 बंद स्कूलों को प्रारंभ किया गया है और इनमें 185 शिक्षक कार्यरत है। बीजापुर में 199 स्कूल, कांकेर में 2,सुकमा में 74 बंद स्कूल खोले गए। प्रायमरी स्कूल में 146 और मिडिल स्कूल ■ शेष पृष्ठ 6 पर

चुनावी बॉन्ड को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई 11 को

नयी दिल्ली(वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को चुनावी बॉन्ड योजना की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर विचार के लिए पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ को भेजने के मसले पर 11 अप्रैल को सुनवाई के लिए सहमति व्यक्त की। मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पी. एस. नरसिम्हा की पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद मामले को 11 अप्रैल के लिए सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। याचिकाकर्ताओं में शामिल 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' का पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता दुष्यंत दवे ने मामले को संविधान पीठ के समक्ष भेजने की गुहार लगाते हुए कहा, जब यह एक संविधान पीठ होगी, तभी हमें लाभ होगा। सबसे बड़ी बात यह कि इससे किसी का नुकसान नहीं होगा। हां, यह मुद्दा हमारे लोकतांत्रिक अस्तित्व की जड़ों तक जाता है। चुनावी बांड के तौर पर अब तक 12,000 करोड़ रुपये और इसका दो तिहाई से अधिक सबसे बड़ी पार्टी को जाता है। एक याचिकाकर्ता की ओर से पेश अधिवक्ता शादान फरासत ने कहा कि इस मामले में एक पहलू राजनीतिक दलों के वित्त के आधार से संबंधित है?। इस विषय पर एक आधिकारिक घोषणा की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि अदालत के विचार के लिए तैयार किए गए सवालों के मद्देनजर यह पीठ इस मामले को एक संविधान पीठ द्वारा विचार करने पर विचार कर सकती है।

लोकसभा स्पीकर ने बुलाई ऑल पार्टी मीटिंग बैठक में नहीं निकला कोई नतीजा

नई दिल्ली। संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण में लगातार कामकाज बाधित होने के बीच लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा मंगलवार को बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में सदन में जारी गतिरोध को दूर करने पर आम सहमति नहीं बन सकी। लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने दोपहर एक बजे अपने कक्ष में सभी दलों के नेताओं को बातचीत के लिए बुलाया था। सूत्रों ने बताया कि इसमें कांग्रेस सहित कुछ विपक्षी दलों के नेताओं ने अडाणी समूह

से जुड़ा मुद्दा उठाया और अपने रुख पर कायम रहे। उन्होंने बताया कि बैठक में लोकसभा अध्यक्ष ने सदन चलाने के लिए सभी दलों से सहयोग मांगा। उनका कहना था कि सदन में विषयों पर चर्चा भी हो और काम भी होना चाहिए।

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि सबके सहयोग से सदन चलाना हमारी प्राथमिकता है और हम वित्त विधेयक सहित सभी विषयों पर सदन में चर्चा कराने को तैयार हैं। बैठक में केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी, पीयूष गोयल, अर्जुनराम मेघवाल, पशुपति कुमार पारस के अलावा कांग्रेस के अधीर रंजन चौधरी, द्रमुक के टी आर बालू , तृणमूल कांग्रेस के सौगात रॉय, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की सुप्रिया सुले, वाईएसआर कांग्रेस की बी वी सत्यवती, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

राहुल के बयान और अडाणी मुद्दे पर राज्यसभा में जोरदार हंगामा, बैठक स्थगित

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के भारतीय लोकतंत्र के बारे में लंदन में दिए गए बयान पर सत्ता पक्ष के सदस्यों द्वारा उनसे माफी मांगने की मांग और कांग्रेस सहित कई अन्य विपक्षी दलों की ओर से अडाणी समूह से जुड़े मामले की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) गठित करने में सरकार की विफलता के मुद्दे पर हुए हंगामे की वजह से मंगलवार को राज्यसभा की कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई। उच्च सदन की बैठक अब 23 मार्च को होगी। बुधवार को चैत्र शुक्लादि,

गुड़ी पड़वा आदि त्योहारों के कारण सदन की बैठक नहीं होगी। सभापति जगदीप धनखड़ ने एक बार के स्थगन के बाद दोपहर दो बजे बैठक के फिर शुरू होने पर कहा कि 22 मार्च को देश के विभिन्न भागों में चैत्र शुक्लादि, उगादी, गुड़ी पड़वा, चेटी चांद, नवरोज सहित विभिन्न त्योहार मनाये जायेंगे। उन्होंने कहा कि कई सदस्यों ने यह अनुरोध किया था कि सदन की बैठक 22 मार्च के बजाय उसके अगले दिन हो ताकि वे इन त्योहारों में भाग ले सकें। सभापति ने कहा कि सदस्यों के अनुरोध को देखते हुए सदन की बैठक 22 मार्च को नहीं होगी। उन्होंने सदस्यों और देशवासियों को ये त्योहार खुशी के साथ मनाने की शुभकामनाएं दीं। कांग्रेस के मुकुल वासनिक सहित कुछ सदस्यों ने ■ शेष पृष्ठ 6 पर

23 को चेट्रीचंड पर सामान्य अवकाश घोषित

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश सरकार ने चेट्रीचंड्र महोत्सव पर छुट्टी का ऐलान कर दिया है। इसके अलावा रायपुर नगर निगम ने भी 22 मार्च बुधवार को और 30 मार्च गुरुवार को रामनवमी के मौके पर शहर के सभी मांस मटन दुकानों को बंद रखने का आदेश दिया है। छुट्टी के नए आदेश मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा के अनुसार जारी किए गए हैं। एच्छिक अवकाश की अधिसूचना सामान्य प्रशासन ने जारी की है। अधिसूचना में विभाग की ओर से लिखा गया है कि 23 मार्च गुरुवार के दिन राज्य के समस्त नगर निगम नगर पालिका क्षेत्रों में सामान्य अवकाश घोषित किया गया है। अधिसूचना में बताया गया है कि इस दिन बैंक खुले रहेंगे। सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिय की छत्तीसगढ़ इकाई के आनंद कुकरेजा, ललित जैसिंघ, राम गिड़लानी, अमर गिदवानी सभी ने इस पर प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया। दूसरी तरफ रायपुर निगम ने एक आदेश जारी किया है। इसमें 22 मार्च बुधवार को चेट्रीचण्ड एवं दिनांक 30 मार्च गुरुवार को रामनवमी के अवसर पर मांस -मटन का विक्रय पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा। सभी पशुवध गृह एवं समस्त मांस -मटन विक्रय की दुकानों को बंद रखे जाने का आदेश जारी किया है।

पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़, महिला नक्सली ढेर

बीजापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ बीजापुर जिले के के गंगालूर थाना क्षेत्र के कोरचोली और टोडका के बीच के जंगलों में मंगलवार सुबह करीब साढ़े छह बजे पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में एक महिला नक्सली मारी गई है। मुठभेड़ के बाद तलाशी अभियान में 12 बोर की राइफल बरामद हुई है। बीजापुर एसपी आंजनेय वार्ष्णेय के अनुसार गंगालूर थाना क्षेत्र के कोरचोली और टोडका के बीच जंगलों में पुलिस और नक्सलियों के बीच सुबह-सुबह मुठभेड़ हुई। इसदौरान में एक महिला नक्सली की मौत हुई है। मुठभेड़ के बाद तलाशी अभियान भी चलाया गया। जिसमें नक्सलियों के पास से 12 बोर की राइफल भी बरामद हुई। माओवादियों पीएलजीए कंपनी नंबर दो कमांडर वेल्ला एवं गंगालूर एरिया कमेटी एसीएम दिनेश एवं अन्य की उपस्थिति पर सुरक्षा बलों ने कार्रवाई की है। मुठभेड़ में एक वर्दीधारी नक्सली मारा गया। मुठभेड़ में सुरक्षा बलों को किसी भी प्रकार का नुकसान नहीं हुआ है।

29 को केंद्र के खिलाफ धरने पर बैठेंगी 'दीदी'

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के साथ केंद्र सरकार के कथित पक्षपातपूर्ण रवैये के विरोध में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी 29 मार्च से कोलकाता में दो दिन तक धरना देंगी। 29 मार्च सुबह से शुरू हुआ धरना 30 मार्च रात तक चलेगा। धरना अंबेडकर मूर्ती के पास किया जाएगा। ममता बनर्जी ने कहा कि वह अपने राज्य के प्रति भाजपा नीत केंद्र सरकार के कथित भेदभावपूर्ण व्यवहार के विरोध में 29 मार्च से कोलकाता में दो दिवसीय धरना प्रदर्शन करेंगी। ममता ने दावा किया कि केंद्र ने मनरेगा परियोजना और आवास तथा सड़क विभागों की अन्य पहलों के लिए धन जारी नहीं किया है।

ओडिशा की तीन दिवसीय यात्रा पर रवाना होने से पहले उन्होंने दमदम हवाई अड्डे पर मीडिया से कहा, पश्चिम बंगाल एकमात्र ऐसा राज्य है जिसे केंद्र से कुछ भी नहीं मिला है। इसने हमें हमारा बकाया पैसा नहीं दिया है। इस साल के केंद्रीय बजट में भी हमारे राज्य के लिए कुछ नहीं था।



संपादकीय

केजरीवाल को केन्द्र का झटका

नई दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जिस तरह खुद को दिल्ली का मालिक मान कर सरकारी खजाने से अपनी छवि चमकाने के लिए पानी की तरह पैसा बहाते है उसपर पहली बार दिल्ली के उपराज्यपाल ने आपत्ति उठाई और उपराज्यपाल के कहने पर केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने नई दिल्ली सरकार के बजट को एक दिन रोककर उन्हे करारा झटका दे दिया। हालांकि बाद में केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने उनको बजट पेश करने की अनुमति दे दी लेकिन एक दिन के लिए बजट को रूकवाकर केन्द्र सरकार ने नई दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को यह साफ संदेश दे दिया कि वे खुद को दिल्ली का मालिक समझने का मुगालता न पाले। गौरतलब है कि इस साल के बजट में नई दिल्ली सरकार ने विज्ञापनों पर पांच सौ पचास करोड़ रूपए खर्च करने का प्रावधान किया था। जिसपर उपराज्यपाल ने आपत्ति उठाई थी। यही नहीं बल्कि केन्द्र सरकार की आयुष्यमान योजना को नई दिल्ली में लागू न करने पर भी उपराज्यपाल ने आपत्ति दर्ज की थी। नतीजतन केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को बजट पर स्पष्टिकरण देने के लिए चार दिन का समय दिया था लेकिन जब उन्होने स्पष्टिकरण नहीं दिया तो गृहमंत्रालय ने बजट पेश नहीं करने दिया। सूत्रों के अनुसार गृह मंत्रालय का कहना है कि बजट में इंफ्रास्ट्रक्चर और अन्य विकास कार्यों के लिए अपेक्षाकृत कम राशि का प्रावधान किया गया है. उसने दिल्ली सरकार से स्पष्टीकरण मांगा है कि इंफ्रास्ट्रक्चर से ज्यादा विज्ञापनों पर खर्च क्यों किया जाता है. जब तक दिल्ली सरकार द्वारा स्पष्टीकरण नहीं दिया जाता है, तब तक गृह मंत्रालय की तरफ से अनुमोदन को पेंडिंग में रखा गया है. उधर दिल्ली सरकार ने कहा कि गृह मंत्रालय झूठ बोल रहा है. कुल 78, 800 करोड़ का बजट है.इसमें 22,000 करोड़ इंफ्रास्ट्रक्चर पर खर्च होंगे. विज्ञापन पर सिर्फ 550 करोड़ खर्च होंगे. कहा कि पिछले साल भी विज्ञापन का बजट इतना ही था. विज्ञापन के बजट में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है. उपराज्यपाल ने 9 मार्च को कुछ टिप्पणियों के साथ 2023-2024 के वार्षिक वित्तीय विवरण को मंजूरी दी और फाइल मुख्यमंत्री को भेज दी थी. उसके बाद दिल्ली सरकार ने गृह मंत्रालय को एक पत्र भेजा और नियम के तहत राष्ट्रपति की स्वीकृति मांगी. इस पर गृह मंत्रालय ने 17 मार्च को दिल्ली सरकार को अपनी टिप्पणियों से अवगत कराया. वहीं, अब एलजी कार्यालय मुख्यमंत्री की ओर से फाइल भेजे जाने का इंतजार कर रहा है विधानसभा का चालू बजट सत्र 23 मार्च को समाप्त होने वाला है. इससे पहले सोमवार को वित्त मंत्री कैलाश गहलोत ने केजरीवाल सरकार का आउटकम बजट पेश किया और दिल्ली विधानसभा के मौजूदा बजट सत्र में आर्थिक सर्वे 2022-23 की रिपोर्ट भी पेश की. केजरीवाल सरकार मगंलवार को बजट पेश नहीं कर पायेगी. बता दें कि 17 मार्च से दिल्ली विधानसभा का बजट सत्र चल रहा है. 21 मार्च को बजट पेश होना था. 20 मार्च को वित्त मंत्री कैलाश गहलोत ने इकॉनॉमिक सर्वे और आउटकम बजट टेबल किया. लेकिन, केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय ने हरी झंडी नहीं दिखाई है. केंद्र ने मंगलवार को विधानसभा में पेश होने वाले दिल्ली सरकार के साल 2023-24 के बजट पर रोक लगा दी है।

युवा संगम: 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की ठोस बुनियाद

जी. किशन रेड्डी

भारत सरकार में उत्तर-पूर्व क्षेत्र विकास, संस्कृति और पर्यटन मंत्री

दूसरों के प्रति सम्मान, नए विचारों को स्वीकारने व उनका समावेश करने की इच्छा, मतभेदों को भुलाकर घुलमिल जाने की क्षमता, एक साझे लक्ष्य के लिए मिलकर काम करने की भावना और विविध मान्यताओं से सीखने की प्रवृत्ति, ये कुछ ऐसे मूल्य हैं जिनके कारण भारत सदियों से फलता-फूलता रहा है। 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' इस प्रकार के दर्शन की तार्किक परिणति है जिसे भारत ने सदियों से पोषित किया है और जिन्हें देश के विभिन्न हिस्सों की महान विभूतियों द्वारा बढ़ावा दिया गया है। चाहे वह स्वामी विवेकानंद द्वारा दिया गया 'एकता पर ही सब कुछ टिका है' का स्पष्ट आह्वान हो या फिर भारतवर्ष के बारे में धार्मिक महापुरुष श्रीमंत शंकरदेव की व्याख्या हो या सरदार वल्लभ भाई पटेल की 'एक मजबूत इकाई के रूप में आधुनिक भारत एक साथ खड़ा है और एकजुट है' की स्वर्णिम विरासत। माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का यह प्रयास है कि हमारे युवाओं में इन मूल्यों को समावेश हो और हमारे भावी नागरिक जातिगत एवं सांस्कृतिक मतभेदों से परे हों और उनका संपूर्ण भारत के साथ एक वैचारिक एवं सांस्कृतिक जुड़ाव हो।

हजारों भाषाओं की भूमि, सैकड़ों जनजातियों के निवास-स्थान, दुनिया के सभी प्रमुख धर्मों व मतों की शरणस्थली के रूप में और बर्फ से ढकी पर्वत श्रृंखलाओं से लेकर उष्णकटिबंधीय मैदानों तथा हरे-भरे सदाबहार वनों से लेकर सूखे रेगिस्तान वाला भारत सिर्फ एक राष्ट्र भर नहीं है। विविध जीवन-शैलियों, संस्कृतियों एवं मान्यताओं से लैस यह देश आकर्षक चित्रों से सजे एक खूबसूरत कपड़े की तरह है। जिस प्रकार कपड़ों पर चित्रों की कढ़ाई में महीन सुइयां काम करती हैं, ठीक वैसे ही हमारी विविधता हमें मजबूत और एकजुट रखती है। अब जबकि हम एक प्रमुख वैश्विक शक्ति बनने की ओर अग्रसर हैं, यह विविधता ही हमारी एक बड़ी संपदा होगी।

वर्ष 2015 में जब माननीय प्रधानमंत्री ने 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के मिशन की घोषणा की, तो उन्होंने न सिर्फ हरेक भारतवासी के बीच के आपसी बंधन को मजबूत किया बल्कि भारत के लिए 'विविधता से होने वाले लाभों' का मार्ग भी प्रशस्त किया। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा परिकल्पित 'युवा संगम' नाम की हाल की एक पहल हमारी युवाशक्ति का लाभ उठाने के उद्देश्य से विविधता के इसी पहलू का इस्तेमाल करती है। हमारी युवाशक्ति ही देश की एक अन्य महत्वपूर्ण संपदा मानी जाती है। भावी नागरिकों के लिए हमारी विविधता की इस शक्ति को पहचानना और महसूस करना जरूरी है ताकि वे इसके प्रचुर लाभों को भुना सकें। यात्राएं हमारे देश की भावी पीढ़ी के इस संगम को विविधता की शक्ति से समर्थ बनायेंगी।

युवा संगम उत्तर-पूर्वी राज्यों और शेष भारत के युवाओं के बीच रिश्तों को मजबूत करते हुए 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' का उत्सव मनाता है। माननीय प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में एक राष्ट्रव्यापी सांस्कृतिक आदान-प्रदान के कार्यक्रम के रूप में 'युवा संगम' की शुरुआत की गई है। आदान-प्रदान का यह कार्यक्रम 'पर्यटन, परम्परा, प्रगति, प्रौद्योगिकी और परस्पर संपर्क' के पांच स्तंभों पर आधारित है। अगले कुछ महीनों के दौरान 20,000 से अधिक छात्र देश भर की यात्रा करेंगे और विविध संस्कृतियों, नस्लों, खान-पान, भाषाओं, प्राकृतिक दृश्यों, स्थानीय इतिहास, तकनीकी प्रगति, शिल्प और कौशल से परिचित होंगे। इस समय जब मैं यह लेख लिख रहा हूं, आईआईटी, आईआईएम, एनआईटी आदि जैसे प्रमुख संस्थानों के 1000 से अधिक युवा एवं छात्र देश के विभिन्न हिस्सों की यात्रा कर रहे हैं और भारत के असली ग्रामीण स्वरूप से अवगत हो रहे हैं। विभिन्न पेशे, सामाजिक तथा आर्थिक पृष्ठभूमि से जुड़े युवाओं का एक विविधतापूर्ण समूह एक साथ मिलकर जीवन भर के लिए साझे अनुभवों एवं स्मृतियों का निर्माण करेगा। देश के विभिन्न हिस्सों से यात्रा करके आने वाले हमारे युवा उत्तर-पूर्वी राज्यों के सौंदर्य को महसूस करेंगे और निर्माण, रचना एवं नवाचार करने के लिए प्रेरित होंगे। इसी तरह, उत्तर-पूर्वी राज्यों के हमारे युवा भारत के विभिन्न हिस्सों की यात्रा करेंगे और यात्रा के दौरान हासिल किए गए ज्ञान, अनुभव और यादगार स्मृतियों को संजोएंगे।

स्थानीय उद्योगों, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक स्थलों का दौरा करने से लेकर स्थानीय छात्रों, उद्यमियों व सरकारी अधिकारियों के साथ बातचीत की दृष्टि से यह यात्रा न सिर्फ एक राज्य का दौरा करने तक ही सीमित नहीं है। यह यात्रा एक संपूर्ण गहन अनुभव के जरिए उस राज्य की सराहना करने और उसके साथ भावनात्मक रूप से जुड़ने का एक अनूठा अवसर साबित होगी। जब हम सिक्किम के युवाओं को ओडिशा के छोटे बच्चों के साथ सिक्किम की लोक धुन पर थिरकते देखते हैं या उत्तर-पूर्वी राज्यों के छात्रों को ओडिशा के एक गांव में हथकरघा की स्थानीय कला सीखते हुए पाते हैं या फिर जब अरुणाचल प्रदेश के छात्र आंध्र प्रदेश की विभिन्न पाक परंपराओं की जानकारी हासिल करने के लिए उस राज्य में स्थित भारतीय पाक संस्थान का दौरा करते हैं या जब आईआईटी गुवाहाटी और आईआईटी गांधीनगर के छात्र एक-दूसरे को गरबा एवं बिहू सिखाते हैं, तो हमें यह मालूम होता है कि इस देश का भविष्य सुरक्षित हाथों में है और हम 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के सपने को साकार करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं।

ये यात्राएं छात्रों को विभिन्न इलाकों के उन महान नेताओं के बारे में जानने का अवसर भी दे रही हैं, जिन्होंने भारत और इसकी सामूहिक चेतना को आकार दिया है और जिनके योगदानों की वजह से आज हम एक स्वाधीन और स्वतंत्र राष्ट्र हैं। हर भारतीय के लिए भारत की राजनीतिक एवं सांस्कृतिक स्वतंत्रता की रक्षा के लिए विदेशी आक्रमणकारियों के खिलाफ विद्रोह करने वाली रानी गाइडिन्ल्यू के बलिदान, महान अहोम साम्राज्य के लचित बरफुकन की वीरता और साहस या अंग्रेजों के खिलाफ नेताजी की लड़ाई में मणिपुर के मोइरनाग की अहम भूमिका के बारे में जानना जरूरी है। जब छात्र महापुरुषों और महान महिलाओं के स्मारकों एवं संग्रहालयों का दौरा करेंगे, तो यह वास्तव में युवाओं के भीतर राष्ट्रीय चेतना का निर्माण करने में मदद करेगा।

पर्यटन के जरिए विविधता का उत्सव मनाना और एकजुटता को बढ़ाना हमारी प्राचीन संस्कृति में गहराई से रचा-बसा है। हमारे साधुओं और संतों ने ज्ञान प्राप्त करने के लिए देश भर की यात्रा की और विभिन्न संस्कृतियों के बीच बंधन के एक सूत्र का निर्माण किया। इसी भावना के अनुरूप, पिछले साल माननीय प्रधानमंत्री ने वाराणसी में 'काशी तमिल संगमम' का उद्घाटन किया, जोकि भारत के दो सबसे प्राचीन शिक्षा केन्द्रों, वाराणसी और तमिलनाडु के बीच के पुराने संबंधों की फिर से खोज करने का एक कार्यक्रम है। तमिलनाडु के 2500 से अधिक प्रतिनिधियों ने काशी का दौरा किया और ज्ञान साझा करने की सदियों पुरानी परंपरा को फिर से जीवंत किया। इसी तरह, 'माधवपुर घेड' भी ऐसा ही एक और त्योहार है जो भारत की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और सामाजिक एकता का प्रतीक है। रानी रुक्मिणी के साथ भगवान कृष्ण के विवाह का उत्सव मनाने के लिए हर साल गुजरात के माधवपुर गांव में एक आकर्षक मेले का आयोजन किया जाता है। रानी रुक्मिणी उत्तर-पूर्व की एक राजकुमारी थीं। गुजरात-उत्तर-पूर्वी क्षेत्र एक दूसरे से 3000 किलोमीटर से भी अधिक दूरी पर स्थित हैं, लेकिन फिर भी आपस में एक ऐसे घनिष्ठ प्राचीन रिश्ते की डोर से बंधे हैं जिसे हम आज तक संजोए हुए हैं। युवा संगम का यह कार्यक्रम संपूर्ण सरकार के दृष्टिकोण से संबंधित माननीय प्रधानमंत्री की परिकल्पना को अनूठे तरीके से दर्शाता है। शिक्षा मंत्रालय के नेतृत्व में उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय, पर्यटन मंत्रालय, संस्कृति मंत्रालय, रेल मंत्रालय, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, 50 से अधिक विभिन्न विश्वविद्यालय और विभिन्न राज्य सरकारें भावी नागरिकों के अनुभवों को सहज बनाने के उद्देश्य से एक मंच पर आए हैं।

आज का पंचांग (बुधवार, 22 मार्च 2023)

सूर्योदय : 06:27 सूर्यास्त : 06:27
चन्द्रास्त : 18:11

अयन उत्तरायणे (दक्षिणगोलीय)

ऋतु : बसंत, शक सम्वत : 1944 (शुभकृत), विक्रम सम्वत : 2080 (नल), मास : चैत्र, पक्ष : शुक्ल, तिथि : प्रतिपदा, नक्षत्र : उत्तराभाद्रपद, योग : शुभ (12:42 से शुक्ल), प्रथम करण : चतुष्पाद (12:17 तक), द्वितीय करण : नाग (22:52 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : मीन, चंद्र : मीन (11:57 से), मंगल : मिथुन (उदित, पश्चिम, मार्गी), बुध : मीन (अस्त, पूर्व, मार्गी), गुरु : मीन (उदित, पूर्व, मार्गी), शुक्र : मेष (उदित, पश्चिम), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मेष, केतु : तुला।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 12:00 से 12:49, अमृत काल : 10:10 से 11:37, सर्वार्थसिद्धि योग : 17:25 से 30:19, विजय मुहूर्त : 14:26 से 15:14, गोधूलि मुहूर्त : 18:27 से 18:51, सायाह्न सन्ध्या : 18:28 से 19:39, निशिता मुहूर्त : 24:00 से 24:47, राहुकाल : 12:00 से 13:30, राहुवास : पश्चिम, यमगण्ड : 09:22 से 10:53, होमाहुति : केतु (17:25 तक), दिशाशूल : उत्तर, नक्षत्र शूल : दक्षिण (17:25 तक), अग्निवास : पाताल (22:52 तक), चन्द्रवास : पश्चिम (उत्तर 11:57 से), शिववास : गौरी के साथ (22:52 से श्मशान में)।

चौघड़िया विचार

॥ दिन का चौघड़िया ॥

1 - रोग, 2 - उद्वेग, 3 - चर, 4 - लाभ 5 - अमृत 6 - काल, 7 - शुभ, 8 - रोग

॥रात्रि का चौघड़िया॥

1 - काल, 2 - लाभ, 3 - उद्वेग 4 - शुभ, 5 - अमृत 6 - चर, 7 - रोग, 8 - काल

नोटः दिन और रात्रि के चौघड़िया का आरंभ क्रमशः सूर्योदय और सूर्यास्त से होता है। प्रत्येक चौघड़िए की अवधि डेढ़ घंटा होती है।

शुभ यात्रा दिशाः उत्तर-पश्चिम (धनिया अथवा दलिया का सेवन कर यात्रा करें)

तिथि विशेष- चैत्र नवरात्रि प्रारंभ

आज जन्मे शिशुओं का नामकरण

आज जन्मे शिशुओ का नाम उत्तराभाद्रपद नक्षत्र के प्रथम, द्वितीय , तृतीय एवं चतुर्थ चरण अनुसार क्रमशः (दू, थ, झ,ञा) नामाक्षर से रखना शास्त्रसम्मत है।

उदय-लग्न मुहूर्त

मीन - 30:07 से 07:30, मेष - 07:30 से 09:04, वृषभ - 09:04 से 10:59, मिथुन - 10:59 से 13:14, कर्क - 13:14 से 15:35, सिंह - 15:35 से 17:54, कन्या - 17:54 से 20:12, तुला - 20:12 से 22:33, वृश्चिक - 22:33 से 24:52, धनु - 24:52 से 26:56, मकर - 26:56 से 28:37, कुम्भ - 28:37 से 30:03।

पञ्चक रहित मुहूर्त

शुभ मुहूर्त - 06:20 से 07:30, शुभ मुहूर्त - 07:30 से 09:04, चोर पञ्चक - 09:04 से 10:59, शुभ मुहूर्त - 10:59 से 13:14, रोग पञ्चक - 13:14 से 15:35, शुभ मुहूर्त - 15:35 से 17:25, मृत्यु पञ्चक - 17:25 से 17:54, अग्नि पञ्चक - 17:54 से 20:12, शुभ मुहूर्त - 20:12 से 22:33, रज पञ्चक - 22:33 से 22:52, अग्नि पञ्चक - 22:52 से 24:52, शुभ मुहूर्त - 24:52 से 26:56, रज पञ्चक - 26:56 से 28:37, शुभ मुहूर्त - 28:37 से 30:03, चोर पञ्चक - 30:03 से 30:19।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

मेरे घर में

मेरे घर में फुदकती और चहकती गौरैया को देखकर एक मित्र ने कहा गौरैया का घर में होना बहुत शुभ होता है हर घर में नहीं चहकती है गौरैया उन मित्र की बात को सुनकर , मां ने मेरा माथा चुम लिया और मुस्कुराते हुए कहा कि हां , सच कहां आपने गौरैया बहुत शुभ होती है , हर घर में नहीं फुदकती और चहकती है गौरैया।

- रूबी प्रसाद

भाइयों की लड़ाई

भाइयों के लड़ाई झगड़े में। माँ न आई किसी के हिस्से में। लुट गयी आबरू तो उसकी भी। लिपटी रहती थी जो दुपट्टे में। याद है आज तक मेरा बचपन। सपने लाखों से सबके बस्ते में। तैर कर आ गए हैं हम दरिया। डूब जाये न अब किनारे में।

- शोभा किरण

खास पाती

सधी हुई स्वर-लहरी गूंजे

सधी हुई स्वर-लहरी गूंजे, दिल से साज बजाओ, जो मन को ऊर्जा से भर दे, ऐसा गीत सुनाओ। बुझे हुए मुखड़े तरुणों के, गायक आज खिलाओ, भाव जगाकर देश-प्रेम का, उनका जोश बढ़ाओ। दिल का कोना-कोना भीगे, ऐसा रस बरसाओ, जो मन को ऊर्जा से भर दे, ऐसा गीत सुनाओ। फूहड़ गीतों से कामुकता, बढ़ी हुई है भाई, उन गीतों पर झूम रही है, दिशाहीन तरुणाई। यह सच्चा संगीत नहीं है, उन्हें आज बतलाओ, जो मन को ऊर्जा से भर दे, ऐसा गीत सुनाओ। भूले-बिसरे पक्के गाने, लोकगीत भी गाओ, गीत सूर, मीरा, तुलसी के, गाकर मन हरषाओ। झंकृत कर दो तार हृदय के, ऐसा हुनर दिखाओ, जो मन को ऊर्जा से भर दे, ऐसा गीत सुनाओ।

-राजकुमार धर द्विवेदी

जो तुम तोड़ लाएं थे चांद

जो तुम तोड़ लाएं थे चांद। वो सड़ रहा मेरे आंगन में वो जो सीढ़ियां चढ़े थे तुम तो वो निशान पस से भरे हैं। वो लोग मुझसे मिले है जो मुझे पछतावा अपना कहें है? मैं शर्म से भरा युवाओं से आज भी तुम्हारी प्रसंशा में दो शब्द ही कह देता हूं।

- जय बरूआ

मन करता है मैं चिड़िया बन

मन करता है मैं चिड़िया बन जाऊँ, चिड़िया बनकर प्रकृति का आनंद ले आऊँ। चिन्ता न फिक्र राग द्वेष से परे केवल सत्य में जीऊँ, आनंदित हो मिलजुल कर गाऊँ, मन करता है मैं तो चिड़िया बन जाऊँ, हाँ चिड़िया बन जाऊँ।

- पूनम झा

ऐसे सन्त कबीर जैसे पत्थर की

ऐसे सन्त कबीर जैसे पत्थर की लकीर दुनिया रखे ठोकर में घूमे बनके फ़क़ीर। जग बैरी समझे मारे शब्दों के तीर जिनके हृदय साहिब बसते वो कब होत अधीर। ऐसी वाणी अमोल तोड़े हर जंजीर कबीरा चले आगे - आगे पीछे फिरत तक़दीर। **- राजीव वर्मा**

मन में था जो दर्द निराला गीतों

मन में था जो दर्द निराला गीतों में था उसको ढाला मन खेतों में प्रीत उगाई नित आँसू से करी सिँचाई पलकों में जब चाँद उगाया किरणों-किरणों तुझको पाया चार ओर अब सुधियाँ तेरी या हैं पगली आँखें मेरी क्यारी-क्यारी महकी-महकी शाख-शाख पर चिड़िया चहकी झूमें फसलें लहकी-लहकी रुत फागण की बहकी-बहकी सूरज निकला चीर अँधेरा टूट गया हर दुःख का घेरा मुसकानों में ढली उदास। लौटा घर को सुख वनवासी मरने को तो हम मर जायें। आह जरा न लब पर लायें। बात तुम्हारे संग निराली लगती मुझको रोज दीवाली श्याम नाम का ओढ़ दुशाला रूप,वचन मन,कर्म निराला मद,माया की चादर त्यागी पीड़ा मन की सारी भागी।

- आशा पाण्डेय ओझा

कश्ती है, पतवार है पानी

कश्ती है, पतवार है पानी है, मझधार है मछली भी होगी, मछुआरें भी होंगे चांद फलक पर रहता हमेशा तो कुछ टुटते सितारें भी होंगे लहरें भी होंगी तुफां भी डरायेगा हिम्मत ना हारना तजुर्बा काम आयेगा तुँ समंदर का सिपाही है कईयों की नजरें होंगी गिराने पर कुछ ऐसा ही समाज हो गया है विश्वास करना खुद का बस आँखें खोलना की तूँ पार हो गया है गिराना, तोडना तो आज का कारोबार है बैठे रहना मुश्किलों की गठरी लिये तो बेकार है जीत जायेगा जंग विश्वास कर तेरे पास कश्ती है, पतवार है।

- परवीन माटी

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1739- आक्रमणकारी नादिर शाह ने अपनी सेना को दिल्ली में जनसंहार की इजाजत दी। 1873- प्योर्तो रिको में दास प्रथा को खत्म किया गया। 1882- संक्रामक बीमारी 'टीबी' की पहचान हुई। इसका पता लगाने वाले वैज्ञानिक को बाद में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। 1890- रामचंद्र चटर्जी पैराशूट से उतरने वाले पहले व्यक्ति बने। 1893- चटगांव विद्रोह का सफल नेतृत्व करने वाले महान क्रांतिकारी सूर्य सेन का जन्म। 1917- रूस की नयी सरकार को मान्यता देने वाला अमेरिका पहला देश बना। 1942- सर स्टैफोर्ड क्रिप्स के नेतृत्व में क्रिप्स मिशन भारत आया। 1946- ब्रिटेन ने जॉर्डन को आजाद करने के लिए संधि पर हस्ताक्षर किये। 1947- लार्ड लुईस माउंटबेटन भारत के आखिरी वायसराय के रूप में भारत आये। 1956- अमेरिका में रंगभेद विरोधी नेता मार्टिन लूथर किंग को नस्लवादी कानून का विरोध करने पर जेल।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष- आज का दिन विषम परिस्थितियों वाला रहेगा मन मे बड़ी बड़ी योजनाए बनती रहेंगी लेकिन सहयोग की कमी।

वृष- आज के दिन आपके साथ आकस्मिक घटनाएं घटित होंगी इनका फल मिला जुला रहेगा। सामाजिक क्षेत्र पर सम्मान तो बढ़ेगा।

मिथुन- आज का दिन कार्य सफलता वाला रहेगा लेकिन आज आपको लक्ष्य बनाए कर कार्य करना पडेगा तभी सफलता निश्चित होगी।

कर्क- आज का दिन बीते कुछ दिनों की अपेक्षा में राहत प्रदान करेगा। दिन का आरम्भ घर मे धार्मिक कार्यो से होगा इसके कारण चहल पहल भी रहेगी।

सिंह- आज का दिन स्वास्थ्य के लीये हानि कारक रहेगा दिन के आरम्भ से ही सेहत में गिरावट अनुभव होगी लेकिन कार्य भर के कारण अनदेखी करेंगे।

कन्या- आज आपका स्वभाव संपर्क में आने वालों को आश्चर्य चकित करेगा। अपना मतलब साधने के लिये किसी की चापलूसी करने से भी परहेज नही करेंगे।

तुला- आज के दिन आप मानसिक रूप से दुविधा में रहेंगे जिस भी कार्य को करने का प्रयास करेंगे उसमे कोई ना कोई व्यवधान आने से मन खिन्न होगा।

वृश्चिक- आज आपका विवेकी व्यवहार कार्य क्षेत्र पर सम्मान दिलाएगा लेकिन घर के सदस्यों के प्रति सनकी मिजाज रहने के कारण आपसी मतभेद रहेंगे।

धनु- आज का दिन आपके लिये प्रतिकूल रहेगा। कार्य क्षेत्र पर धीमी गति से कार्य करने पर लोगो की आलोचना सुन्नी पड़ेगी।

मकर- आज का दिन भाग-दौड़ वाला रहेगा व्यस्तता के चलते शरीर की उपेक्षा बाद में भारी पड़ेगी लेकिन आशाजनक ना सही लाभ मिलते रहने से निराश नही होंगे।

कुंभ- आज का दिन आप बेहतर रूप से व्यतीत करेंगे दिन के पूर्वार्ध में घर के किसी आवश्यक कार्य मे व्यस्त रहेंगे।

मीन- आपके लिये आज का दिन शुभ रहेगा दिन के आरंभ में स्वास्थ्य चुस्त रहेगा मन मे धन संबंधित उलझन रहेगी लेकिन अकस्मात लाभ के समाचार मिलने से उत्साह बढ़ेगा।

QUIZ TIME

1) फीबा महिला बास्केटबॉल विश्वकप 2022 का खिताब किसने जीता है?

2) किस राज्य में अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन मार्ट आयोजित किया गया?

3) भारत की पहली मेडिकल सिटी इंद्रियानी मेडिसिटी किस शहर में स्थापित किया गया?

4) पूर्वोत्तर ओलंपिक खेल 2022 किस राज्य में संपन्न हुआ?

5) प्रख्यात विद्वान आर.एल.कश्यप का निधन हो गया है। वे थे-



Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) ऑस्ट्रेलिया (2) मिजोरम (3) पुणे (4) मेघालय
(5) भौतिकविद

प्रेरक प्रसंग – संत और कंजूस सेठ

एक संत थे अमर नाथ जी वे हमेशा प्रभु ईश्वर के गुणगान में लगे रहतें थे और लोगो को भी बुराइयों को त्यागकर ईश्वर भक्ति में लीन होने की उपदेश दिया करतें थे।

लोग उनके उपदेश को सुना करते थे उनसे प्रेरणा लिया करते और इस तरह उनकी भक्तों की संख्या दीन प्रतिदिन बढ़ती गयी।उनकी भक्ति का गुणगान सुनकर एक सेठ, संत अमरनाथ जी से मिलने पहुंचे।

वह सेठ बहुत ही धनी था, उसके लिए पैसा ही सब कुछ था, उस सेठ के लिए पैसे की अलावा सब कुछ बेकार था। पैसे के लिए वह कुछ भी कर गुजरने को तैयार था जैसे झूट बोलना, लड़ाई झगड़ा करना, छल करना आदि।

सेठ को संत अमरनाथ का सांत स्वभाव को देखकर सेठ को बहुत आश्चर्य हुआ, उसने संत से पूछा की आप की आप इतना सांत और निश्छलता के साथ कैसे रहते हो, आपको कभी पैसे का लालच नहीं होता, आप अपने इस आनंद मय जीवन का राज कृपा कर मुझे भी बताएं।

संत अमरनाथ जी ने कहा की ये सब बात को छोड़िये, मै आपको एक राज की बात बताता हूँ, आपकी एक सप्ताह बाद मृत्यु हो जाएगी। यह बात सुनकर बेचारे सेठ के दिल दिमाग में सन्नाटा छा गया, सेठ भय से ब्याकुल हो गए।

मृत्यु को समीप जानकार उनका सारी वासनाये लालच सब समाप्त हो गयी। उन्हें अपने जीवन के सब झूट, छल, कपट याद आने लगें और उन्हें अपने आप से घृणा होने लगी। वह उखड़े मन से घर की ओर लौटे उनका बर्ताव पूरा बदला-बदला सा था कोई कुछ बात करता तो सेठ भी प्रेमपूर्वक बात कर लेता।

वह धीरे-धीरे ईश्वर भजन में रूचि लेने लगा, उसके मन में था की अब कुछ ही दीन की तो जिंदगी है और इतना सारा धन-दौलत क्या करू सोच कर ईश्वर भजन में खोया रहता था।

वह ईश्वर भक्ति में खोया हुआ अंतिम दिन में अपनी मृत्यु का इन्तजार कर रहा था। तभी संत अमरनाथ जी पहुंचे और सेठ से बोले, क्यों सेठ जी अब पता चला की मै इतना निश्छल कैसे रहता हूँ।

कहानी का तात्पर्य यह है की कोई भी कार्य हो चाहे वह ईश्वर भक्ति या अन्य जरुरी काम हम किसी दूसरे चीजों में उलझे रहतें है और जब अंत नजदीक आता है तब हमे अपनी गलतियों का अहसास होता है।

वर्ग पहेली

शब्द सामर्थ्य -010

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, बक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

ऊपर से नीचे

1. विचित्र, अद्भुत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 009 का हल

दि	क्र	त	■	आ	सा	न	■	आ
ल	■	पी	■	खि	■	सी	ख	ना
■	म	ज	बू	र	■	ह	■	जा
स	र्द	■	■	का	■	त	रा	ना
र	■	■	■	र	वि	■	ह	■
प	ह	ना	ना	■	ना	रा	ज	■
ट	■	■	क	शि	श	■	नी	ला
■	र	■	■	का	■	रा	■	य
खा	ति	र	दा	री	■	त	क्ष	क

न्यूज गैलरी

सुको के वरिष्ठ अधिवक्ता विमल मुंशी के निधन पर मुख्यमंत्री भूपेश ने किया शोक प्रकट

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता विमल कुमार मुंशी के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है। मुख्यमंत्री ने मुंशी के शोक संतप्त परिवारजनों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा है कि श्री विमल कुमार मुंशी रायपुर अधिवक्ता संघ के वरिष्ठ प्रेरक और मार्गदर्शक रहे।

विस अध्यक्ष डॉ महंत ने हिन्दू नववर्ष, चैत्र नवरात्र पर प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएं

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने चैत्र नवरात्र के अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते

हुए कहा कि, नवरात्रि मां दुर्गा की शक्ति आराधना का पर्व है। विस् अध्यक्ष डॉ महंत ने कहा कि, छत्तीसगढ़ देवी पूज्य भूमि है, डोंगरगढ़ माँ बम्लेश्वरी, बिलासपुर रतनपुर माँ महामाया, रायगढ़ चंद्रपुर माँ चन्द्रहासनी, बस्तर दंतेवाड़ा माँ दंतेश्वरी, कोरबा माँ मड़वारानी, धमतरी माँ अंगारा मोती, रायपुर माँ बंजारी, माँ महामाया सहित अनेक देवी मंदिर की असीम कृपा से प्रदेश में सुख शांति समृद्धि व्याप्त है। विस् अध्यक्ष डॉ महंत ने कहा कि, माँ दुर्गा पूजा के शुभारंभ से ही जनमानस में हर कोई भक्ति, आराधना, पूजा पाठ, ज्योत, जंवारा, माता जसगीत, भजन, भंडारा कर अपनी श्रद्धा भक्ति व्यक्त करते हैं। हर साल नवरात्रि के साथ एक नए जोश का आगाज होता है। विस् अध्यक्ष डॉ महंत ने कहा कि, मैं आप सभी प्रदेशवासियों को हिन्दू नववर्ष, नवरात्रि पर्व की बधाई शुभकामनाएं देता हूँ। जगत जननी माँ नवदुर्गा जी से आपके परिवार में सुख समृद्धि की मंगल कामना करता हूँ।

8 से 9 डिग्री गिरा पारा, गर्मी से राहत

रायपुर/नवप्रदेश। बेमौसम बारिश की वजह से देश के कई हिस्सों में मौसम ने करवट ले ली है। छत्तीसगढ़ में भी पश्चिमी प्रोणिका का असर दिख रहा है। गर्मी के मौसम में मानसून जैसा हाल हो गया है। जिसके चलते राजधानी रायपुर में पारा एक झटके में 8 से 9 डिग्री नीचे उतर आया है। वहीं दूसरी ओर रबी की फसल के साथ-साथ खेतों में उगाई गई सब्जियों को नुकसान पहुंचा है। मौसम विभाग के मुताबिक 23 तारीख तक यही स्थिति रहने की संभावना जताई जा रही है। सोमवार को भी प्रदेश के कई जगहों पर तेज बारिश समेत अधड़ चलने की संभावना है। प्रदेश के कई हिस्सों में ओलावृष्टि और तेज हवाएं चल रही है। कई क्षेत्रों में तेज बारिश भी हो रही है। बीजापुर में अधिकतम तापमान 30.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। वहीं रायपुर में 28 डिग्री अधिकतम तापमान दर्ज किया गया है।

जामताड़ा गिरोह के 4 शातिर ठगबाज गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी पुलिस ने फर्जी कस्टमर केयर अधिकारी बनकर देश भर में लोगों को अपने झांसे में लेकर लाखों रुपये की ठगी करने वाले जामताड़ा गिरोह के चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने धरसींवा निवासी प्रवीण कुमार वर्मा से 7.52 लाख रुपये की ठगी की थी। सभी आरोपी है मूलतः देवघर एवं रांची झारखंड के निवासी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रवीण कुमार वर्मा ने थाना धरसींवा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह शारदा एनर्जी कंपनी सिलतरा में फिटर का कार्य करता है तथा उसका एक्सिस बैंक में खाता संचालित है। 3 फरवरी 2023 को फोन-पे कस्टमर केयर के नम्बर पर फोन लगाकर बैंक खाता से 1124 रुपये आहरण होने के संबंध में शिकायत किया था। जिस पर कस्टमर केयर द्वारा प्रार्थी को अपने वरिष्ठ अधिकारी से बात कराता हूं कहा गया। थोड़ी देर बाद 725802332 नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने फोन-पे एप खोलने के लिए कहा और ओटीपी मांगा। जिसके बाद सामने वाले ने कुछ दिनों में पैसा वापस आने की बात कहीं। 8 फरवरी को प्रवीण एटीएम गया तो उसे पता चला कि उसके एटीएम का पिन चेंज हो गया है। इस दौरान उसके बैंक खाते से 7,52,665 रूपये का आहरण हो गया था। जिसके बाद प्रवीण ने थाने में शिकायत दर्ज कराई।

निर्माण कार्यों का कलेक्टर ने किया अनुमोदन

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर भुरे ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में बैठक लेकर कुकरा-सुन्डी-भनसोज (नहर पार) मार्ग पर 2 किमी सड़क निर्माण तथा उप महाप्रबंधक (निर्माण) गेल (इंडिया) लिमिटेड रायपुर छ.ग. को गैस पाईप लाइन द्वारा जल निकायों को पार करने के लिए प्रशासनिक सहायता प्रदान करने के लिए अनुमति हतु विभिन्न शर्तो के अधीन अनुमोदन किया। बैठक में कार्यपालन अभियंता जल प्रबंध संभाग क्रमांक 1 श्री मधुकर बोरकर, कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग रायपुर श्री जी. आर. पटेल, कार्यपालन अभियंता छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल श्री एल. के. साहू और कार्यपालन अभियंता महानदी जलाशय परियोजना डिसनेटा संभाग क्रमांक 3 तिल्दा श्री कृष्ण कांत खरे उपस्थित थे।

स्कूलों में एक सप्ताह चलेगा कहानी त्योहार

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के स्कूली बच्चों में कहानी सुनने और सुनाने का कौशल का विकास के लिए स्कूलों में कहानी त्योहार मनाया जाएगा। कहानी त्योहार विश्व कहानी दिवस 20 मार्च से प्रारंभ होकर एक सप्ताह तक चलेगा। प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों में शिक्षक और गांव के बजुर्ग रोचक ढंग से शिक्षाप्रद और प्रेरक कहानियां बच्चों को सुनाएंगे और बच्चे भी कहानी सुनाने का अभ्यास करेंगे। स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेम साय सिंह टेकाम ने शिक्षकों एवं समुदाय से उनसे बच्चों को कहानी सुनाते हुए पढ़ने के कौशल को विकसित करने का आव्हान किया है। उन्होंने कहा है कि कम से कम एक सप्ताह तक समुदाय के साथ मिलकर कहानी सुनने और सुनाने का त्यौहार मनाएं। कहानी त्योहार के लिए गांव और स्कूलों के आस-पास रहने वाले ऐसे बुजर्गो को कहानी सुनाने के लिए आमंत्रित करे जिन्हें रोचक और ज्ञानवर्धक कहानियां सुनाने का अनुभव है। उन्हें कुछ बेहतरीन स्थानीय कहानी का संकलन कर इसे बच्चों के बीच सुनाने का मौका दिया जाए। बड़े-बुजुर्ग एवं विद्यार्थी अपने जीवन से जुड़ी एवं अपनी बनाई गयी कहानी सुनाकर लोगों का मनोरंजन करें।

चैत्र नवरात्रि आज से, हिन्दू नववर्ष गुड़ी पड़वा एवं चेट्रीचण्ड्र उत्सव धूमधाम से मनाएंगे श्रद्धालु

■ इस बार 9 दिन की होगी नवरात्रि, दशमी तिथि पर होगा पारणा

रायपुर/नवप्रदेश। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी चैत्र नवरात्रि जिसे वासंतीय नवरात्र भी कहा जाता है, 22 मार्च से शुरू हो रही है। उक्त तिथि पर ही हिन्दू नववर्ष 9 संवत्सर 2080 की शुरूआत होगी। गुड़ी पड़वा के साथ ही श्रद्धालु संत झुलेलाल का महोत्सव चेट्रीचण्ड धूमधाम से मनाएंगे। शहर के पुराने मंदिरों में महामाया मंदिर, दंतेश्वरी मंदिर, कंकाली मंदिर, शीतला मंदिर, काली मंदिर, दुर्गा मंदिर सहित प्रदेशभर माता देवालयों में नवरात्रि के अवसर पर भक्तों द्वारा धूमधाम से माता का जगराता एवं पर्व का आयोजन किया जाएगा। महामाया मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित मनोज शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष माता का आगमन नौका पर हो रहा है एवं विदाई हाथी पर होगी। उक्त संकेत इस वर्ष अच्छी वर्षा होने का संकेत दे रहे हैं। हमारे 28 जिलों

के संवाददाताओं ने जानकारी देते हुए बताया कि नवरात्रि के अवसर पर प्रदेशभर में माता देवालयों में पंचमी, सप्तमी, अष्ठमी एवं नवमी तिथि के अवसर पर कन्या भोज का आयोजन किया गया है। इस वर्ष नवरात्रि पूरे 9 दिन की होगी। दशमी तिथि 31 मार्च को नवरात्रि के उपासक अपने व्रत का माता का प्रसाद खाकर पारणा करेंगे। दुर्ग संभाग के प्रशासनिक अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार चैत्र नवरात्रि के अवसर पर मां बमलेश्वरी के दरबार जाने वाले पदयात्रियों के लिए जगह-जगह पर शामियाना एवं चिकित्सा के प्राथमिक उपचार के लिए विशेष व्यवस्था की गई है, वहीं कुम्हारी, पावर हाऊस, दुर्ग, अंजोरा बाईपास, सोमनी, राजनांदगांव, बसंतपुर, मोतीपुर, लिटिया मार्ग पर स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा विशाल भंडारों का आयोजन किया गया है। नवरात्रि के अवसर पर माता देवालयों में विशेषकर मां बमलेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़, दंतेश्वरी मंदिर दंतेवाड़ा, महामाया मंदिर रतनपुर-अम्बिकापुर एवं चन्द्राहासिनी मंदिर चन्द्रपुर में भक्तों की कतारबद्ध माता के दर्शन की व्यवस्था के लिए मंदिर समिति द्वारा स्वयं सेवकों को प्रति श्रद्धालु दर्शन के लिए विशेष रूप से निर्देशित किया गया है।

रींवा में आयोजित कर्मा जयंती में शामिल हुए मंत्री डॉ. डहरिया

■ 379.31 लाख रूपये के पानी टंकी एवं पाइप लाईन विस्तार कार्य का किया भूमिपूजन

■ 18000 मीटर पाईप लाइन के विस्तार से 900 परिवार को मिलेगा स्वच्छ जल

रायपुर/नवप्रदेश। नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया विधानसभा क्षेत्र आरंग के ग्राम रींवा में रविवार को साहू समाज द्वारा आयोजित भक्त माता कर्मा जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने 379.31 लाख रूपये की लागत से बनने वाले जल-जीवन मिशन योजनान्तर्गत पानी टंकी और पाइप लाईन विस्तार का भूमिपूजन किया। नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. डहरिया ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए साहू समाज के लोगों को कर्मा जयंती की बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ग्राम रीवा में 18000 मीटर पाइप लाइन का विस्तार कर जल आपूर्ति की जायेगी। इससे यहां के लगभग 900 परिवारों को पीने के लिये स्वच्छ जल उपलब्ध होगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि उपज मंडी आरंग के अध्यक्ष देवनाथ साहू ने की। कार्यक्रम में जिला पंचायत रायपुर की सदस्य श्रीमती अनिता थानसिंग साहू, जनपद पंचायत आरंग की उपाध्यक्ष श्रीमती हेमलता डुमेन्द्र साहू, जिला साहू संघ रायपुर के संरक्षक डॉ. पंचराम साहू एवं प्रदेश साहू संघ के उपाध्यक्ष द्वारिका साहू सहित साहू समाज के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, पंचायती राज संस्थाओं के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

बोधघाट परियोजना बस्तर संभाग के विकास में मील का पत्थर साबित होगी : कांग्रेस

■ रमन सरकार की लापरवाही के कारण 15 सालों से बोधघाट परियोजना लंबित थी

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि बोधघाट परियोजना बस्तर के विकास के लिये मील का पत्थर साबित होगी। पूर्ववर्ती भाजपा की रमन सरकार ने इस परियोजना के लिये कोई ठोस कार्य योजना नहीं बनाई थी। कांग्रेस की सरकार ने इसके सर्वे के लिये ठोस प्रयास शुरू किया है। बहुप्रतिक्षित बोधघाट परियोजना पिछले चार दशक से राजनीति की भेंट चढ़ते आ रहा है तथा राजनैतिक इच्छाशक्ति के अभाव में परियोजना मूर्तरूप नहीं ले पाई थी। बोधघाट के साथ ही परिकल्पित आंध्र की पोलावरम बांध परियोजना 70 फीसदी से अधिक पूरी हो गयी है जबकि छत्तीसगढ़ की यह परियोजना भाजपा शासन में अपने शुरूआती कदम भी आगे नहीं बढ़ पाई थी। इस परियोजना के पूरा होने से बस्तर अंचल का सिंचित रकबा 72 फीसदी तक हो जायेगा तथा राज्य के कुल सिंचाई रकबे में भी 4 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हो जायेगी।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि राज्य में 264 किमी तक बहने वाली इंद्रवती नदी के पानी का आज छत्तीसगढ़ सिर्फ 11 टीएमसी ही उपयोग कर पाता है लेकिन बोधघाट परियोजना के पूरा होने पर छत्तीसगढ़ इंद्रवती के 300 टीएमसी जल का उपयोग कर पायेगा। राज्य में बहने वाली नदी के जल का भरपूर उपयोग कर राज्य की कृषि को समृद्ध बनाना राज्य का अधिकार है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के इस साहसिक फैसले के कारण बस्तर में समृद्धि आयेगी और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। 359 गांव की सिंचाई बढ़ जायेगी। बोधघाट परियोजना के पूर्ण होने पर 300 मेगावाट बिजली उत्पादन होगा 4824 मीट्रिक टन वार्षिक मछली उत्पादन होगा।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि जो लोग बोधघाट परियोजना का विरोध कर रहे वे बस्तर और बस्तर के निवासियों का भला नहीं चाहते। जब मुख्यमंत्री ने यह स्पष्ट कर दिया कि बोधघाट परियोजना के प्रभावित 42 गांव के निवासियों के लिये श्रेष्ठतम पुनर्वास नीति घोषित की जायेगी तब परियोजना शुरू करने की घोषणा के साथ विरोध करने वाले अपनी राजनैतिक जमीन सिंचित करने के लिये बस्तर में 366580 हेक्टेयर से भी अधिक भूमि को असिंचित रखने का षड़यंत्र कर रहे हैं।

भाजपा के आदिवासी नेता आरक्षण विधेयक पर अपना रुख साफ करें : मोहन मरकाम

■ भाजपा के दबाव में आरक्षण विधेयक रूका हुआ है

रायपुर/नवप्रदेश। आरक्षण संशोधन विधेयक को राजभवन में महिनों से अटका हुआ है। राज्यपाल बदलने के बाद भी अभी तक राजभवन ने इस पर हस्ताक्षर नहीं किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि भाजपा के आदिवासी नेता आरक्षण विधेयक पर अपना रुख साफ करें। आरक्षण संशोधन विधेयक में आदिवासी समाज के लिये 32 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था है। बिलासपुर हाई कोर्ट से 58 प्रतिशत आरक्षण को 50 प्रतिशत किये जाने पर आदिवासी समाज का सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। आरक्षण विधेयक राजभवन में रुका है तो इसका खामियाजा आदिवासी समाज को

सबसे ज्यादा हो रहा। कांग्रेस पार्टी केंद्र सरकार से मांग करती है वह हस्तक्षेप कर आरक्षण विधेयक पर राज्यपाल को हस्ताक्षर करने को कहे।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि कांग्रेस सरकार द्वारा पारित करवाये गये आरक्षण संशोधन विधेयक में ओबीसी के लिये भी 27 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था है।

कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के होली मिलन में जुटा पूरा प्रदेश

रायपुर/नवप्रदेश। रविवार 19 मार्च को संध्या 6 बजे से रायपुर के आशीर्वाद भवन में भव्य होली मिलन का कार्यक्रम हुआ। अध्यक्ष पं. अरूण शुक्ल एवं सचिव पं. सुरेश मिश्र ने बताया की इस वर्ष पूरे प्रदेश से कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के सभी पदाधिकारियों को आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम में समाज के लोगों को उनकी उपलब्धि के लिए सम्मानित किया गया, महिला मंडल एवं बच्चों के आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए - मुख्य अतिथि विधायक एवं संसदीय सचिव विकास उपाध्याय ने अपने उद्बोधन में खुशियों के त्यौहार होली की सभी को बधाई दी एवं इतनी बड़ी संख्या में मिलन समारोह में सभी उपस्थितजनों का आभार

जताया और कहा कि ब्राह्मण समाज सदैव अग्रणी समाजों में रहा है, हमारा ज्ञान, हमारी निष्ठा हमारी एकजुटता ही हमारी ताकत है। हम सकारात्मक एवं उत्थान की बात करते है। वसुदैव कुटुम्बकमं की भावना हम में कूटकूट कर भरी हुई है। कार्यक्रम में साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल, वैज्ञानिक डॉ. अनिल दीक्षित एवं समाजसेवी पं. जयशंकर तिवारी जी को सम्मानित किया गया। कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज महिला मंडल ने कृष्ण राधा के चरित्र पर आधारित एक नृत्य नाटिका की आकर्षक प्रस्तुति दी। महासमुंद से पधारे कवि पं. सुरेन्द्र अग्निहोत्री 'आगी' एवं कुमारी कवियत्री शशि तिवारी ने अपनी रचनाओं का पठन कर श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। सचिव पं. सुरेश मिश्र जी ने सचिवीय प्रतिवेदन पढ़ संस्था की आर्थिक एवं सामाजिक गतिविधियों से सभी को अवगत कराया। अध्यक्ष पं. अरूण शुक्ल जी संस्था की उपलब्धियों एवं आगामी कार्यक्रमों की जानकारी प्रदान करते हुए सभी के सहयोग प्राप्त होते रहने पर आभार व्यक्त किया। छत्तीसगढ़ शासन जीव जन्तु बोर्ड अध्यक्ष विद्याभूषण शुक्ला ने सामाजिक एकता के लिए हर स्तर पर प्रयास करने के लिए कान्यकुब्ज समाज रायपुर की प्रसंशा की।

कलिंगा यूनिवर्सिटी में एकदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। 17 मार्च 2023 को जूलॉजी विभाग, कलिंगा विश्वविद्यालय द्वारा ÷जलवायु परिवर्तन, अनुकूलन और लचीलापन को बढ़ावा देने के लिए सुझाव और सिफ़ारिशें÷ पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया था, जिसे नाबार्ड छत्तीसगढ़ द्वारा प्रायोजित और माइक्रोबायोलॉजिस्ट सोसाइटी, भारत द्वारा सह-प्रायोजित किया गया था। सम्मेलन का उद्घाटन नाबार्ड छत्तीसगढ़ के मुख्य महाप्रबंधक डॉ. ज्ञानेंद्र मणि (कार्यक्रम के मुख्य अतिथि) ने दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के बाद किया। डॉ. मणि ने पर्यावरण और कृषि क्षेत्र पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव पर प्रकाश डाला। उन्होंने अपने उद्घाटन

भाषण में सस्टेनेबल डेवलपमेंट के साथ पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन के साथ कृषि क्षेत्र में आ रही चुनौती को दूर करने के संदर्भ में नाबार्ड की भूमिका को साझा किया। संजय गजघाटे, संयुक्त निदेशक, उद्योग निदेशालय, छत्तीसगढ़ सरकार ने पर्यावरण और जलवायु को ध्यान में रखते हुए उद्योग नीति बनाने पर बल दिया। कपिल देव दीपक, संयुक्त निदेशक कृषि एवं संयुक्त सीईओ, राज्य वाटरशेड प्रबंधन छत्तीसगढ़ ने कृषि और जैव विविधता पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव पर चर्चा की। उन्होंने जैविक खेती के लिए लोगों में जागरूकता पैदा करने और स्वस्थ पर्यावरण के लिए संतुलन बनाए रखने का आग्रह किया। कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आर. श्रीधर ने सभी से जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करने के लिए जिम्मेदार कदम उठाने का अनुरोध किया। कलिंगा विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. संदीप गांधी ने कहा कि सरकारी एजेंसियों, निजी भागीदारों और नागरिकों के संचयी प्रयास से ही कार्बन फुट प्रिंट को कम किया जा सकता है।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. एस.के. त्यागी, पूर्व अतिरिक्त निदेशक, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी), भारत सरकार ने बताया कि कैसे हमारा व्यवहार और जीवन शैली जलवायु में बदलाव को कम कर सकती है। उन्होंने ई-कचरे, सिंगल यूज प्लास्टिक को रिसाइकिल करने के महत्व पर भी प्रकाश डाला और जलवायु परिवर्तन के संबंध में वर्तमान नीतियों पर अपने विचार भी साझा किए।

केन्द्र सरकार किसानों से माफी मांगने के बाद फिर किसानों के साथ किया धोखा : कांग्रेस

■ मोदी सरकार का मकसद किसानों के आंदोलन खत्म कराना था उनके वादा को पूरा करना नहीं

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि मोदी भाजपा की सरकार ने किसान से माफी मांगने के बाद फिर किसानों के साथ धोखा किया है। मोदी सरकार ने किसान आंदोलन को खत्म कराने तीन काला कृषि कानून लाने के लिए देश भर किसानों से माफी मांगे थे और किसानों की मांगों पर निर्णय लेने के लिए सहमति प्रदान की थी, जो अब तक पूरा नही हुआ और आदत अनुसार मोदी भाजपा सरकार ने किसानों से किये वादे को पूरा नहीं किया जिससे आक्रोशित किसान फिर दिल्ली में आंदोलन कर रहा है। भाजपा का चरित्र है देश की जनता से वादा करना और वादाखिलाफी करना है किसानों के साथ भाजपा ने देश भर के लोगों से जो वादा किया था उसे भी पूरा नहीं किया है बल्कि भाजपा के नेता ही भाजपा के वादों को चुनावी जुमला करार दिया है।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने देशभर के किसानों को स्वामीनाथन कमेटी की सिफारिश के अनुसार लागत मूल्य का समर्थन मूल्य देना और 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने का वादा किया था। सस्ते दरों पर कीटनाशक, रासायनिक खाद और उपज के लिए मार्केट उपलब्ध कराने का वादा किया था लेकिन तीन काले कृषि कानून लाकर किसानों को अडानी जैसे पूंजीपतियों के गुलाम

बनाने का षड़यंत्र रचा गया जिसका देश भर में विरोध हुआ था। 14 माह के आंदोलन और 700 किसानों की शहादत के बाद मोदी के माफी मांगने से आंदोलन खत्म हुआ था।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि मोदी सरकार ने किसानों को ही नहीं बल्कि हर वर्ग के साथ धोखा किया है। युवाओं को दो करोड़ रोजगार प्रतिवर्ष देने, सभी के बैंक खाता में 15-15लाख रुपए जमा कराने, 30 से 35रु लीटर में पेट्रोल डीजल देने, सस्ते दरों में रसोई गैस उपलब्ध कराने सहित अनेक लोक लुभावने वादे किए थे जो पूरा नहीं हुआ है बल्कि मोदी सरकार की नीतियों के चलते देश की जनता गंभीर महंगाई और रोजगार संकट की मार झेल रही है। पेट्रोल-डीजल में मोदी टैक्स लगाकर वसूली की जा रही है, दूध, दही, पुस्तक, कापी, हवाई चप्पल पर जीएसटी लिया जा रहा है, दवाइयों के दाम में 30 से 40 प्रतिशत की वृद्धि हो गई है, सरकारी संपत्ति नीलाम हो रही है, देश आर्थिक संकट से जूझ रहा है।

राज्य आपदा मोचन निधि समिति की हुई बैठक

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्य सचिव अमिताभ जैन की अध्यक्षता में आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में राज्य आपदा मोचन निधि के संचालन हेतु गठित राज्य कार्यपालिक समिति की बैठक विडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सम्पन्न हुई।

बैठक में राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि, राजस्व पुस्तक परिपत्र के तहत आर्थिक अनुदान सहायता, ग्रीष्म ऋतु के संदर्भ में बचाव एवं तैयारी, नोवेल कोरोना वायरस कोविड-19 से मृत व्यक्तियों के आश्रितों को आर्थिक अनुदान सहायता सहित अन्य विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में राजस्व विभाग के सचिव एन.एन.एक्का, स्वास्थ्य विभाग के सचिव आर.प्रसन्ना, सचिव मुख्यमंत्री सचिवालय अंकित आनंद, स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव डॉ. एस.भारतीदासन, सचिव गृह एवं वन विभाग एस. बसवराजू सहित राजस्व विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद थे।

मुख्य सचिव ने आपदा मोचन निधि की कार्ययोजना की जानकारी ली। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 में प्राकृतिक आपदा से प्रभावित हितग्राहियों को तत्काल अनुदान सहायता उपलब्ध कराने तथा क्वॉरंटाइन सेंटर में निवासरत व्यक्ति आदि की व्यवस्था में किए गए व्यय हेतु जिला कलेक्टरों को राजस्व आपदा मोचन निधि से 61 करोड़ 73 लाख 77 हजार रूपये की स्वीकृति आबंटन जारी किया गया है। नोवेल कोरोना वायरस कोविड-19 से मृत व्यक्तियों के आश्रितों को अनुदान सहायता राशि प्रदान करने के लिए राज्य के जिलों को चार करोड़ 76 लाख 50 हजार रूपए की राशि जारी की गई है।

स्कूलों के 69,781 रिक्त पद खाली, प्रदेश सरकार की खोल रहे पोल : बृजमोहन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा में वरिष्ठ भाजपा विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने प्रदेश के स्कूलों में रिक्त पदों का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सरकार बेहतर शिक्षा व्यवस्था के बड़े-बड़े दावे करती है। परंतु आंकड़े यह साबित कर रहे हैं कि उनकी सारी बातें फर्जी व झूठ है।

सच्चाई यह है कि 69,781 शिक्षकों के पद आज भी रिक्त है। कांग्रेस सरकार ने मात्र 11 हजार पदों में भर्ती की है। इतना ही नहीं राजधानी रायपुर नगर निगम क्षेत्र के स्कूलों में 486 पद आज भी रिक्त है।

बृजमोहन अग्रवाल ने पूछा कि 1 जनवरी 2023 की स्थिति में शिक्षक संवर्ग के कुल कितने पद स्वीकृत हैं व स्वीकृत के विरुद्ध कितने पद भरे हुए हैं व कितने पद रिक्त हैं। इसके अलावा उन्होंने 1 जनवरी 2019 से 1 जनवरी 2030 तक प्रदेश में कुल कितने शिक्षकों की भर्ती की गई इसकी जानकारी चाहिए तथा रायपुर नगर निगम क्षेत्र के स्कूलों में किस-किस वर्ग के कितने पद रिक्त



हैं यह भी पूछा। जवाब में शिक्षा मंत्री प्रेमसाय सिंह टेकाम ने बताया कि जनवरी 2023 की स्थिति में प्राचार्य के 4,564 व्याख्याता के 45,907, व्यायाम शिक्षक के 2,610, शिक्षक (ग्रंथपाल) के 2,517, सहायक शिक्षक (विज्ञान प्रयोगशाला) 8,141, प्रधान पाठक (पूर्व माध्यमिक) 12,964, शिक्षक 58,648, प्रधान पाठक (प्राथमिक) 30,783, सहायक शिक्षक के 80,336 पद स्वीकृत है।

न्यूज गैलरी

कलेक्टर ने दिव्यांग छात्र को मोबाइल दिया

कोण्डागांव/नवप्रदेश। जिला कलेक्टर दीपक सोनी ने सोमवार को कुकाड़गारकापाल निवासी दिव्यांग छात्र खगेश्वर बघेल के आवेदन पत्र पर त्वरित संज्ञान लेकर उक्त दिव्यांग छात्र को दिव्यांगजनों हेतु विशेष फीचरयुक्त मोबाईल प्रदान कर मेहनत एवं लगन के साथ पढ़ाई करने की समझाईश देने सहित उन्हे उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए दिव्यांग छात्र खगेश्वर बघेल कि कमजोर आर्थिक स्थिति के मद्देनजर जिला प्रशासन से पढ़ाई की सुविधा के लिए दिव्यांगजनां हेतु विशेष फीचरयुक्त मोबाईल प्रदान करने का आग्रह किया था, जिस पर कलेक्टर ने त्वरित पहल कर दिव्यांग छात्र को समाजकल्याण विभाग की दिव्यांगजनां हेतु सहायक उपकरण प्रदाय के तहत निःशुल्क मोबाईल प्रदान किया।

भाजपा पोलिंग बूथ की हुई बैठक

कांकेर/चारामा/नवप्रदेश। शक्ति केंद्र लखनपुरी के पोलिंग बूथ क्रमांक 242 मे भारतीय जनता पार्टी की बैठक आयोजित किया गया जिसमे अल्पकालिक विस्तारक पूर्व मण्डल अध्यक्ष प्रताप सलाम सह विस्तारक नन्द किशोर गौतम पूर्व महामंत्री व विस्तारक लीलेझर रुपलाल साहू थान सिंग साहू शैलेन्द्र साहू मेघनाथ साहू अजित साहू जैन सिंग यादव चैतूराम यादव अविनाश जैन,रुपधर साहू तामेस्वर प्रसाद रूपचंद साहू जनक लाल साहू संजय यादव सहित भाजपा कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

पर्यावरण अनुकूलन कार्यशाला का किया समापन

बीजापुर/नवप्रदेश। जिला कलेक्टर राजेंद्र कटारा के निर्देशानुसार जिला शिक्षा विभाग अधिकारी बी आर बघेल के समर्थन से जिला में चल रहे वर्ल्ड विज़न इंडिया युनीसेफ के द्वारा चलाये जा रहे वाश इन इंस्टीटूशन एवं पर्यावरण अनुकूलन कार्यशाला के समापन के बाद बीजापुर भैरमगढ़ ब्लॉक के सीएसी केदार नाथ देशमुख जी के द्वारा उनके आश्रम शाला बैल भैरमगढ़, बीजापुर में एक सकारात्मक पहल की शुरुआत की। जिसमे उनके द्वारा शाला एवं आश्रम शाला में बचने वाले खाने एवं सब्जियों के छिलके वं अन्य अपशिष्ट पदार्थो के सही निपटान के लिए केदार नाथ देशमुख के निर्देशानुसार बैल स्कूल के प्रधान अद्यापक के द्वारा एक गड्ढे का निर्माण कर उसमे सभी बचे हुए कचरो का निपटान किआ जाने लगा जिसकी मदद से जैविक खाद की प्राप्ति हो रही है तथा खाद का इस्तेमाल आश्रम शाला के बच्चो के द्वारा लगाए गए पोषण बाड़ीयो में किया जा रहा है जिसकी मदद से वह से सभी बालको को शुद्ध हरी सब्जियों के साथ साथ सही मात्रा में पोषण की भी प्राप्ति हो रही है।

स्कूलों में बच्चों की दर्ज संख्या बढ़ाने के निर्देश

सुकमा/नवप्रदेश। स्वामी विवेकानंद युवा केन्द्र परिसर में कलेक्टर हरिस. एस के अध्यक्षता में विकासखण्ड कोंटा के तहत शिक्षा दूतों द्वारा संचालित शालाओं के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कलेक्टर ने शिक्षा दूतों के द्वारा शालाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। साथ ही सड़क, बिजली एवं पीडीएस जैसे मूलभूत सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने अध्ययनरत बच्चों के जाति प्रमाण पत्र जो बनाए जा चुके है, संबंधित ब्लाक अधिकारी से संपर्क कर स्कूल में ही प्रदाय करने को कहा। कलेक्टर ने बैठक में आगामी कक्षा 6वी और 9वीं में बच्चों की प्रवेश नजदिकी पोटाकेबिन, आश्रम और स्कूल में सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। इसके अलावा जिले में निर्माणधीन और मरम्मत कार्य हो रहे स्कूल भवन को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। बैठक में कलेक्टर ने समीक्षा के दौरान स्कूल में बच्चों की दर्ज संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही जिस भी बच्चों की आयु ज्यादा हो, उसे आयु के हिसाब से कोई भी कक्षा में सीधे प्रवेश दिया जा सकता है। उन्होंने समय समय पर सीएसी को स्कूल की मानिटरिंग करने को कहा। साथ ही नियमित उपस्थित न रहने वाले शिक्षक और सीएसी पर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। बैठक में उन्होंने समर डे में बच्चों के आधार कार्ड, बैंक एकाउंट खोलने जैसे कार्यो शिविर के आयोजन हेतु कार्ययोजना तैयार करने को कहा। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी नितिन डड़सेना, डीएमसी चौहान और अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

जिला चिकित्सालय में मनाया विश्व मुख स्वास्थ्य दिवस

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। संचालक स्वास्थ्य सेवाएं के निर्देशानुसार जिले में राष्ट्रीय मुख स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत विश्व मुख स्वास्थ्य दिवस पर जिला चिकित्सालय में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बी आर पुजारी के द्वारा बताया गया कि नियमित रूप से दांतों की सफाई ब्रश से करने पर दांतों में दर्द होना, मसूड़ों से खून आना, मुंह की दुर्गंध आना, दांतों में झनझनाहट होना, इस प्रकार के लक्षण होने पर नज़दीकी स्वास्थ्य केंद्र में अनिवार्य रूप से जांच कराएं। उक्त कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी एवं सिविल सर्जन के द्वारा जन सामान्य को ब्रश एवं पेस्ट का वितरण किया गया। कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉक्टर आर एल गंगेश, नोडल अधिकारी राष्ट्रीय मुख्य स्वास्थ्य कार्यक्रम डॉ अमन सिंह, जिला कार्यक्रम प्रबंधक विजेंद्र बारले, डॉक्टर राकेश राय, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश राय, मीडिया अधिकारी श्री अंकित सिंह, जिला सलाहकार यूनिसेफ डॉक्टर पायल मिश्रा मौजूद थे।

जिपं सीईओ ने लंबित ग्राम पंचायतों के ऑडिट की मांगी जानकारी

- सचिव हड़ताल पर कैसे होगा आडिट
- करारोपण अधिकारियों की कार्यशैली पर उठ रहा सवाल

नवप्रदेश फालोअप

कांकेर/नवप्रदेश। 30 से अधिक ग्राम पंचायत का बीते दो सत्र से नही हुआ आडिट ज़िला अफ्सरों को भनक तक नहीं होने की खबर को दैनिक नवप्रदेश ने 20मार्च को प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था। खबर प्रकाशित होने के बाद ज़िला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमीत अग्रवाल ने दो सत्र से आडिट नही होने वाले ग्राम पंचायत की अति.मुख्य कार्यपालन अधिकारी कमल सिदार से जानकारी मांगी है।

बता दें की ग्राम पंचायतो के समस्त कार्यो का आय व्यय का आडिट मार्च महीने में किया जाना होता है। जिससे सरकारी कार्यों में पारदर्शिता बरती जा सके।

पंचायतों में आडिट को लेकर सबसे महत्वपूर्ण बात यह आती है कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओ का संचालन सुचारू रूप से संचालित हो सके और सरकारी पैसे के बंदरबाट ना होना पाए। इसलिए आडिट रिपोर्ट से ग्राम पंचायत का आय व्यय में पारदर्शिता होती है।

नियमितीकरण की मांग को लेकर हड़ताल

बता दें कि पूरे प्रदेश भर के सचिव अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर बैठे हैं। इधर बीते दो सत्र से पंचायत का आडिट नही हुआ है। खबर के बाद विभाग जल्द ग्राम पंचायत का आडिट होने की बात कह रही है। सवाल यह उठता है कि आखिर बीते दो सत्र के दौरान ग्राम पंचायत का आडिट करने वाले करारोपण अधिकारी ने सुध क्यों नहीं लिया गया लंबित ग्राम पंचायत का आडिट नही होने या फिर करारोपण अधिकारीयो की लापरवाही कहे जो बीते दो सत्र से अब तक ग्राम पंचायतो का आडिट नही किया जाना अनसुलझे सवाल खड़ा कर रहा है!

पंचायतों में गड़बड़ी की आशंका

बीते दो सत्र से सिर्फ कांकेर ब्लॉक के करीब 30से अधिक ग्राम पंचायत का आडिट नही होने पर हमारे विश्वसनीय सूत्रों की माने तो दो सत्र से आडिट नही होने वाले ग्राम पंचायत में जमकर गड़बड़ी की आशंका जताई जा रही है। निर्माण कार्य सहित सरकारी कार्यों में पारदर्शिता नही बरती गई है। इसी के चलते दो सत्र से आडिट नही होने का हवाला दिया गया है। हमारे सूत्रों माने तो अधिकारियों की उपस्थिति में जांच टीम बनाकर जांच की जाती है तो चौकाने वाले तथ्य सामने आने की अटकलें तेज है।

> जिपं सीईओ ने लंबित ग्राम पंचायत के आडिट की जानकारी मांगी है। सचिव स्ट्राइक पर है। अभी भी 30 से अधिक ग्राम पंचायत का आडिट नही हुआ है। जल्द आडिट पूरा कर लिया जाएगा।
>
> **कमल सिदार**
> अति. मुख्य कार्यपालन अधिकारी कांकेर

ऋण प्रकरणों को लक्ष्य के अनुरूप पूर्ण कराना सुनिश्चित करें : कलेक्टर

- जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की समीक्षा बैठक में बैंक मैनेजरों को दिये निर्देश

कांकेर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला की अध्यक्षता में आज जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें शासकीय प्रायोजित योजनाओं में बैंकिंग सहभागिता की समीक्षा किया गया तथा सभी बैंक प्रबंधकों को लक्ष्य की पूर्ति करने के निर्देश दिये गये। बैंक प्रबंधकों को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि हितग्राहियों के ऋण प्रकरणों को नियमानुसार सभी बैंक शाखा प्रबंधक लक्ष्य के अनुरूप स्वीकृति प्रदान कर ऋण वितरण भी करायें। बैठक में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना,अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना एवं बैंक खातों में आधार सिटिंग, प्रधानमंत्री मुद्रा लोन, कृशि ऋण वितरण सहित शासकीय योजनाओं में ऋण वितरण की समीक्षा किया गया तथा बैंकिंग अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

बैठक में बताया गया कि प्रधानमंत्री बीमा योजना के तहत् वर्ष 2022-23 में प्रधानमंत्री जीवन बीमा योजना के 106519 खातों में बीमा किया गया है तथा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत 281807 खातों में बीमा किया गया है। इसी प्रकार अटल पेंशन योजना के तहत् 27686 हितग्राहियों को इस योजना से जोड़ने की जानकारी दी गई। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने बैंक प्रबंधकों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले के नागरिकों को स्व-रोजगार से संबंधित आवेदनों को पहले प्राथमिकता देते हुए ऋण स्वीकृति किया जावे। इसके अलावा राज्य सरकार की विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से ऋण की मांग करने पर दस्तावेज पूर्ण कराई जाकर शीघ्र ऋण उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया गया। जिले के अंदरूनी क्षेत्रों के शिक्षित बेरोजगारों को स्वरोजगारों से जोड़ने के लिए आरसेटी प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जाये। कलेक्टर द्वारा आकांक्षी जिले के सूचकांकों को वित्तीय समवेशण के तहत् डेल्टा रेकिंग में सुधार हेतु सभी बैंक प्रबंधकों को निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मुद्रा योजना में प्रगति लाने के लिए विशेष पहल की आवश्यकता है। सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में प्रगति लाने के साथ ही जिले के समस्त पात्र नागरिकों को इस योजना में शामिल करने के लिए निर्देश दिये।

स्कूल के बाजू कमरे में मिला अधेड़ का शव

- 16 मार्च से था लापता, परिजन कर रहे थे खोजबीन

जगदलपुर/नवप्रदेश। परपा थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले माउंट लिटरे स्कूल परिसर के बगल में स्थित एक कमरे में मंगलवार को अधेड़ का शव देखे जाने से इलाके में खलबली मच गई। पुलिस को जानकारी मिलने के बाद खोजबीन करते हुए मृतक के परिजनों को खोज निकाला गया। शव का पीएम करने के बाद परिजनों को सौप दिया गया है। पुलिस मृतक के पीएम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है, जिससे मौत के कारणों का पता चल सके।

मामले के बारे में जानकारी देते हुए परपा थाना में पदस्थ एसआई दिलीप मेश्राम ने बताया कि बिलौरी गांव के सरपंच बिरलेक बघेल ने सोमवार को पुलिस को सूचना दी कि माउंट लिटरे स्कूल के बाजू में एक युवक का शव है, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को देखने के बाद मर्ग कायम करते हुए जांच शुरू कर दिया। जांच के दौरान शव की पहचान बकचंद बघेल 50 वर्ष के रूप में की गई। पुलिस को परिजनों ने बताया की मृतक मजदूरी का काम करता था। इसके अलावा समय समय पर घर से अपने रिश्तेदारों के घर जाकर रुक जाता था और कुछ समय के बाद खुद ही वापस आ जाता था। 16 मार्च को भी घर से निकलने के बाद वापस नहीं आया, जिसके बाद परिजन अपने स्तर पर खोजबीन कर रहे थे। अब पुलिस जांच में ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य योजना से लौटी मासूम के चेहरे पर मुस्कान

कोण्डागांव/नवप्रदेश। जिले के केशकाल विकास खंड में रहने वाले कबाड़ व्यवसायी इमरान आडवाणी के घर जब नन्हे दिशान ने जन्म लिया तो चारों ओर खुशियां फैल गयी। दिशान दिन ब दिन बढ़ता जा रहा था जिसे देख सारा परिवार खुश था परंतु जब दिशान चार माह का हुआ अचानक उसकी तबियत खराब हो गयी एवं लगातार ईलाज के बाद भी कोई सुधार न होता देख परिजनों ने रायपुर स्थित एक निजी अस्पताल में दिशान को भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने जांच के पश्चात बताया कि दिशान को थैलेसीमिया मेजर नामक गंभीर आनुवांशिक बीमारी है। जिसमें व्यक्ति के शरीर में लाल रक्त कणिकाओं का निर्माण करने वाले हिमोग्लोबिन प्रोटीन की कमी हो जाती है और शरीर में सही मात्रा में

स्वस्थ रक्त नहीं बन पाता। खून की कमी के कारण दिशान का शरीर लगातार कमजोर होता जा रहा था और उसे सांस लेने में भी दिक्कत होने लगी थी।ऐसे में दिशान को समय समय पर बाहर से ही खून चढ़ाया जाने लगा जिससे उसे तात्कालिक आराम तो प्राप्त होता पर बीमारी का पूर्ण ईलाज नहीं हो पा रहा था क्योंकि दिशान का बोनमैरो उनके परिवार के किसी भी सदस्य के साथ पूरी तरह से नहीं मिल पा रहा था। इस दौरान रायपुर स्थित कॉन्स फाउंडेशन से लगभग 10 साल तक बच्चे को बाहर से ही रक्त चढ़ाया जा रहा था साथ ही देशी दवाइयों से बच्चे का ईलाज चलता रहा परंतु उसको इससे कोई राहत प्राप्त नहीं हुआ।ऐसे में अगस्त 2021 में जब बैंगलोर के थैलेसीमिया मेजर बीमारी से एक स्पेशलिस्ट डॉक्टर द्वारा रायपुर में लगाये गये कैम्प में दिशान की जांच करवाने पर पता चला की दिशान का बोनमैरो उनके पिता से लगभग 70 प्रतिशत मिल रहा है और अब दिशान का ईलाज संभव है परंतु अभी भी इलाज के लिए लगभग 40 लाख रुपए लगने वाले थे। ईलाज में बहुत अधिक खर्च होने की बात जानकर परिजनों ने दिशान को बचा पाने की अपनी उम्मीद भी खो दी थी।

छत्तीसगढ़ की सरकार ने पत्रकार सुरक्षा कानून लागू कर लोकतंत्र के आधार स्तंभ को किया मजबूत : नरेश

कांकेर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के पत्रकारों की लंबे समय से पत्रकार सुरक्षा कानून की लंबित मांग को प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सरकार के विधानसभा सत्र के दौरान पेश कर छत्तीसगढ़ के पत्रकार साथियों को बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है।पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आभार व्यक्त करते पूर्व कांकेर कांग्रेस ज़िला अध्यक्ष/पर्यटन मंडल सदस्य छत्तीसगढ़ शासन नरेश ठाकुर ने हर्ष व्यक्त करते कहा की मीडिया कर्मी सुरक्षा विधेयक का कांग्रेस ने स्वागत योग्य कदम है कांग्रेस की सरकार ने अपनी जनप्रतिबद्धता को एक बार फिर से प्रदर्शित किया है।

कांग्रेस ने अपने जनघोषणा पत्र का एक और वायदा पूरा किया। राज्य बनने के बाद से ही प्रदेश के पत्रकार, पत्रकार सुरक्षा कानून की मांग कर रहे थे। पिछली भाजपा की सरकार ने पत्रकारों की मांगों पर ध्यान नहीं दिया था। मीडिया प्रजातंत्र का प्रमुख स्तंभ है, पत्रकार विपरीत परिस्थितियों में अपने दायित्वों का निर्वहन करते है। अनेक बार ऐसे अवसर आते है जब पत्रकार अपने कर्तव्य को पूरा करते हुये खतरों का सामना करना पड़ता है। असमाजिक तत्वों से उनकी सुरक्षा पर खतरा होता है ऐसे में यह आवश्यक हो जाता है कि समाज के इस प्रमुख वर्ग को उनकी पेशेवर जिम्मेदारी के निर्वहन के लिये विशेष संरक्षण दिया जाये। कांग्रेस की सरकार ने पत्रकार सुरक्षा कानून बनाने का निर्णय लेकर लोकतंत्र को मजबूत करने का काम किया है। लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के प्रति छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार ने अपने वादे पर अमल करते हुए ठोस प्रावधान किया है।

पुलिस व पब्लिक के बीच दूरियां मिटाने, सिविक एक्शन प्रोग्राम

बीजापुर/नवप्रदेश। 20 मार्च को ई/229 वाहिनी सीआरपीएफ के कंपनी कमांडर पुरुषोत्तम कुमार सहायक कमांडेंट ने कन्या आश्रम मुरकीनार में आजादी का अमृत महोत्सव की थीम एकता के तहत पुलिस पब्लिक संबंधों को मधुर बनाने के लिए प्रोग्राम का आयोजन किया जिसमें ई/ 229 बटालियन सीआरपीएफ के द्वितीय कमान अधिकारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार तथा जवान एवं दसवीं कक्षा तक के बच्चे उपस्थित थे पुलिस पब्लिक संबंध के साथ-साथ कन्या पोटाकेबिन आश्रम मुरकीनार की छात्राओं को विद्यार्थी जीवन के स्तर को उज्जवल बनाने के लिए प्रेरित करते हुए उनके कर्तव्यों के बारे में

अवगत कराया।

विद्यार्थी को वर्तमान के कर्तव्यों का निर्वहन करने से उसका भविष्य उज्जवल हो जाता है। इसलिए विद्यार्थियों को अपने वर्तमान कर्तव्य अर्थात पढ़ाई में अच्छी लगन के साथ परिश्रम करने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके साथ ही गुरु और शिष्य के बारे में महान कवि कबीर दास का दोहा गुरु कुम्हार शिष्य कुंभ है। गढ़ी गढ़ी काढ़े खोट अंदर हाथ सहार दे बाहर बाहे चोट का उल्लेख किया और शिष्यों को उनके गुरु की इमहानता के बारे में अवगत कराते हुए गुरु को भगवान से बड़ा बताते हुए कबीर दास की अमृतवाणी गुरु गोविंद दोनों खड़े काके लागू पाय बलिहारी गुरु आपकी गोविंद दियो बताए का भी उल्लेख किया तथा हथियार और कलम का तुलनात्मक वर्णन करते हुए कलम को शक्तिशाली बताया और बच्चों को कलम पकड़ने के लिए प्रेरित किया। और बच्चों को नशा से दूरी बनाकर रखने के लिए बताया साथ ही नशा से होने वाले नुकसान के बारे में समझाया। सिविक एक्शन प्रोग्राम में स्थानीय जनप्रतिनिधि की उपस्थिति में सैकड़ों ग्राम वासियों में सामान वितरण किया गया था। छात्रों के प्रोत्साहन के लिए कक्षा 1 से लेकर कक्षा 10वीं तक के प्रत्येक कक्षा के तीन-तीन मेधावी छात्रों को पुरस्कृत किया इससे पहले भी शासकीय विद्यालय हल्बापारा मुरकीनार में भी मेधावी छात्रों को पुरस्कृत किया जा चुका है।

चेक बुक कोषालयों में जमा करने के निर्देश

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन वित्त विभाग के निर्देशानुसार जारी किए गए चेक रोल/धनादेश पुस्तिका (चेक बुक) 24 मार्च 2023 संध्या 5 बजे तक अपने एवं समस्त अनुविभागीय अधिकारियों के धनादेश पुस्तिका जिला कोषालय दन्तेवाड़ा में जमा करें।

उपयोग किए गये/निरंक चेक का विवरण कोषालय को चेक बुक के साथ देंगे। 24 मार्च 2023 के ऐसे अपरिहार्य प्रकरणों में जिसमें कि कतिपय व्ययों को जो जनहित या प्रशासन के हित में अनिवार्य है, कलेक्टर के समक्ष पूर्ण प्रकरण व विषयवस्तु औचित्य सहित प्रस्तुत कर भुगतान संबंधी आदेश प्राप्त किया जा सकता है। 27 मार्च 2023 के उपरांत वित्तीय वर्ष की समाप्ति तक उपरोक्त निर्देशित प्रक्रिया के अनुसार जिलाध्यक्ष से स्वीकृति प्राप्त प्रकरणों में चेक काटने हेतु कोषालय अधिकारी संबंधित चेक आहरण एवं संवितरण अधिकारी को चेक बुक उपलब्ध कराएं। जिस पर संबंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारी के हस्ताक्षर एवं कोषालय अधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षर किया जाएगा। पूर्व में जारी समस्त धनादेश पुस्तिका पर 31 मार्च 2023 के बाद भुगतान योग्य नहीं की रबर मोहर अनिवार्यतः अंकित करे।

दोरनापाल में 3 एकड़ जमीन पर चंदन व सागौन का होगा पौधरोपण

सुकमा/नवप्रदेश। राज्य शासन की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना का शुभारंभ आज विश्व वानिकी दिवस के अवसर पर जिले के दोरनापाल में भूमि स्वामी प्रांशु सिंह चौहान के 3 एकड़ जमीन पर चन्दन और सागौन के पौधे रोपण कर किया गया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए हरीश कवासी ने कहा कि इस योजना का लाभ अवश्य उठाएं। 5 एकड़ तक शत प्रतिशत अनुदान है। चन्दन और सागौन, बॉस नीलगिरी आदि का पौधा कुछ साल में ही फायदा देना शुरू कर देगा। बेचने की जवाबदेही विभाग की होगी। इसलिए उन्होंने सबको इस योजना का लाभ उठाने की अपील की।

आज दोरनापाल में आयोजित इस महती आयोजन में मुख्य अतिथि जिला पंचायत के अध्यक्ष हरीश कवासी, जिला पंचायत के उपाध्यक्ष बोड्डू राजा, योग आयोग के सदस्य राजेश नारा, माड़वी देवा, सहित अन्य जनप्रतिनिधियों, तेंदूपत्ता यूनियन के अध्यक्ष, सदस्य, योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों सहित आमजन, साथ ही कलेक्टर हरिस एस, वनमंडलाधिकारी श्रेजस एस सहित अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

सुकमा जिले में इस योजना के तहत अब तक 9 सौ से अधिक हितग्राहियों के लगभग 14 एकड़ एकड़ भूमि का विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण करने के लिए पंजीकरण किया गया है। दोरनापाल के भूमि स्वामी व योजना के हितग्राही प्रांशु सिंह चौहान ने बताया कि उन्हें इस

योजना के बारे में पता चला उन्होंने तत्काल अपने 3 एकड़ भूमि पर चन्दन और सागौन पौधे लगाने हेतु सहमति दे दी। उन्होंने कहा कि इस योजना से वास्तव में भूमि का उपयोग और आर्थिक लाभ होगा। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर शहीद महेंद्र कर्मा तेंदूपत्ता संग्राहक बीमा सुरक्षा योजना अंतर्गत हितग्राहियों के खाते में राशि भी ऑनलाइन ट्रान्सफर किया गया।

विदित है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से इस योजना का राज्यव्यापी शुभारंभ किया। यह किसानों की निजी भूमि पर वृक्षारोपण कर ग्रामीणों की आय बढ़ाने के साथ-साथ छत्तीसगढ़ में ग्रीन कवर बढ़ाने की एक महत्वकांक्षी योजना है। इस योजना अंतर्गत समस्त वर्ग के सभी इच्छुक भूमि स्वामी, शासकीय, अर्द्ध शासकीय एवं शासन की स्वायत्त संस्थाऐं, निजी शिक्षण संस्थाऐं, निजी ट्रस्ट, गैर शासकीय संस्थाऐ, पंचायते तथा भूमि अनुबंध धारक इंस योजना का लाभ ले सकते है।

हितग्राही की निजी भूमि में 05 एकड़ तक रोपण हेतु 100 प्रतिशत तथा 05 एकड़ से अधिक क्षेत्र में रोपण हेतु 05 से ऊपर के जमीन के लिए 50 प्रतिशत वित्तीय अनुदान शासन द्वारा हितग्राहियों को प्रदाय किया जावेगा। राज्य में इस योजना के माध्यम से प्रति वर्ष 36000 एकड़ के मान से कुल 05 वर्षों में एक लाख अस्सी हजार एकड़ में 15 करोड़ पौधों के रोपण का लक्ष्य रखा गया है। शासन द्वारा चयनित वृक्ष प्रजातियों की खरीदी के लिए प्रतिवर्ष न्यूनतम क्रय मूल्य निर्धारित किया जावेगा, जिससे कृषकों को निश्चित आय प्राप्त हो सकें। वनक्षेत्र से बाहर लकड़ी के उत्पादन बढ़ने से काष्ठ आधारित उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही कार्बन क्रेडिट के माध्यम से भी कृषकों को अतिरिक्त आय प्राप्त होने का संभावना है। योजना अंतर्गत क्लोनल नीलगिरी, टिश्यू कल्चर बांस,सागौन, मालाबार नीम जैसे आर्थिक लाभ देने वाले पौधों का रोपण किया जाएगा।

न्यूज गैलरी

पर्यावरणीय स्वीकृति के लिए 10 मई को लोक सुनवाई

बिलासपुर/नवप्रदेश। कोटा तहसील के ग्राम खरगहनी में स्थापित मेसर्स महावीर कोल वॉशरीज प्राईवेट लिमिटेड को पर्यावरणीय स्वीकृति के लिए 10 मई 2023 को लोक सुनवाई का आयोजन किया गया है। ये लोक सुनवाई उक्त तिथि को तहसील कोटा, ग्राम खरगहनी के ग्राम पंचायत भवन के समीप स्थित मैदान में सवेरे 11 बजे से शुरू होगी। कम्पनी ने अपनी वर्तमान उद्योग की विभिन्न ईकाईयों के विस्तार के लिए पर्यावरण संरक्षण मण्डल, रायपुर में आवेदन किया है। स्वीकृति के पूर्व आम जनता का अभिमत जानने के लिए उक्त तिथि को खरगहनी में जिला प्रशासन द्वारा लोक सुनवाई का आयोजन किया गया है।

मोटरयान अधिनियम के उल्लंघन करने पर 44 वाहन चालकों का लाइसेंस निरस्त

मुंगेली/नवप्रदेश। मोटरयान अधिनियम के उल्लंघन करने पर 44 लाईसेंस धारकों का लाईसेंस निरस्त किया गया है। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि कलेक्टर राहुल देव के निर्देशानुसार आमजनता में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने उच्चतम न्यायालय के गाइडलाईन के अनुरूप यातायात नियम का पालन नहीं करने वाले 44 लाईसेंस धारकों का लाईसेंस निरस्त करने की कार्यवाही की गई है। उन्होंने बताया कि यातायात एवं पुलिस थानों से 44 लाईसेंस धारकों का लाईसेंस निलंबन हेतु प्रस्ताव प्राप्त हुआ था, जिसमें सभी के लाईसेंस को तेज गति एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने के अपराध व मोटरयान अधिनियम के धारा 119/177 के उल्लंघन करने पर निलंबन किया गया है।

भवन नियमितीकरण के लिए नक्शा बनवाने नगर निगम तय करेगा रेट

बिलासपुर/नवप्रदेश। अवैध भवन, मकान व दुकानों के नियमितीकरण को लेकर फैली भ्रम की स्थिति को दूर करने के लिए सोमवार को विकास भवन स्थित दृष्टि सभागार में मेयर रामशरण यादव की अध्यक्षता में बैठक हुई, जिसमें कांग्रेस व भाजपा के पार्षद शामिल हुए। बैठक में मेयर रामशरण यादव ने कहा कि कांग्रेस की भूपेश सरकार ने अवैध निर्माणों को नियमित करने के लिए नई योजना लाई है। इसके तहत निगम क्षेत्र के रहवासी रियायती दर पर अपने अवैध निर्माण का नियमितीकरण करा सकते हैं। बैठक में महापौर ने अपर आयुक्त राकेश जायसवाल से कहा कि नगर निगम से अधिकृत आर्किटेक्ट और इंजीनियरों के लिए नक्शा बनाने एक रेट तय कर दिया जाए, ताकि जनता को अधिक रेट देना न पड़े। सभापति शेख नजीरुद्दीन ने कहा कि कांग्रेस सरकार की योजना अच्छी है। जो लोग सालों से अवैध निर्माण को नियमित कराने का इंतजार कर रहे हैं, उन्हें अब फायदा होगा। उन्होंने कहा कि नियमितीकरण को लेकर कुछ भ्रांतियां हैं, जिसे दूर करना जरूरी है। टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के संयुक्त संचालक ने बताया कि सरकार ने 1200 वर्गफीट के अवैध निर्माण को बिना शुल्क के नियमित करने का आदेश जारी किया है। इसके लिए सिर्फ नक्शा और जमीन के कागजात जमा करने होंगे। 1200 से अधिक वर्गफीट के अवैध निर्माण को नियमित करने के लिए शासन ने दर तय कर रखी है। जिसका भुगतान करने पर अवैध निर्माण को नियमित कर दिया जाएगा। बैठक में एमआईसी सदस्य अजय यादव, मनीष गढ़ेवाल, विजय केशरवानी, परदेशी राज, संध्या तिवारी, बजरंग बंजारे, सीताराम जायसवाल, पार्षद विष्णु यादव, सुरेश टंडन, श्याम पटेल, रामप्रकाश साहू, अब्दुल इब्राहिम, रवि साहू, भरत कश्यप, भाजपा पार्षद दुर्गा सोनी, विजय ताम्रकार, बंधु मौर्य, विजय यादव, मोती गंगवानी, उदय मजुमदार, भवन अधिकारी सुरेश शर्मा, सभी जोन के कमिश्नर के अलावा निगम के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

नशे से निजात में विद्यार्थी निभाए अपनी भूमिका

बिलासपुर/नवप्रदेश। नशे के कारण समाज में अपराध बढ़ रहा है। पुलिस की ओर से नशे के कारोबारियों पर कार्रवाई की जा रही है। इसके साथ ही युवाओं को नशे से दूर करने में विद्यार्थी बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। इसके लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। ये बातें सरकंडा थाना प्रभारी फैजुल होदा शाह ने कही। सरकंडा पुलिस की ओर से सोमवार को साइंस कालेज में निजात अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी फैजुल शाह ने कहा कि नशे के कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इससे समाज को नशा मुक्त करने का प्रयास किया जा रहा है। इसमें समाज की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। युवाओं को नशे से दूर करने विद्यार्थी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। नशा करने वाले विद्यार्थी का व्यहार बदल जाता है। ऐसे में सहपाठियों को चाहिए कि वे उसे रोके। हो सकता है नशा करने वाला साथियों की बात नहीं सुने। इसकी जानकारी नशा करने वाले के अभिभावकों को भी दें। साथ ही वह जिनके साथ नशा करता है उन्हें भी रोकने का प्रयास करें। इसमें किसी तरह की धमकी या फिर अन्य समस्या सामने आने पर अभिभावकों को जानकारी दिया जाए। नशे को रोकने के लिए विद्यार्थी पुलिस की भी सहायता ले सकते हैं। नशे के कारोबारियों की सूचना पर पुलिस की ओर से तत्काल कार्रवाई की जाएगी। कार्यक्रम को कोतवाली सीएसपी पूजा कुमार ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में कालेज की प्राचार्य ज्योति रानी सिंह समेत बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

52 केस में 62 ड्राइवर आरोपी ट्रांसपोर्टर व संचालकों को छूट

बिलासपुर/नवप्रदेश। मामला चाहे ट्रकों से अवैध रूप से कोयला जब्त करने का हो या फिर डिपो में मिलावटखोरी के खेल का, पुलिस कभी कोयला चोरी के खेल में पुलिस या खनिज विभाग कभी भी कोल डिपो संचालक या ट्रांसपोर्टर को आरोपी नहीं बनाती। हमेशा ट्रक ड्राइवर या रोजी-मजूदरी करने वालों को ही पकड़कर खानापूर्ति की जा रही है। पिछले पांच साल के पुलिस कार्रवाई के आंकड़ों पर ही गौर करें तो इस दौरान 52 केस बनाए गए। इनमें 62 ड्राइवर या कर्मचारी आरोपी बनाए गए। केवल दो समय ऐसा आया जब पुलिस ने डिपो संचालकों को आरोपी बनाया। इनमें भी एक मामले को बाद में पुलिस ने रफा-दफा भी कर दिया। इसकी जांच कभी आगे नहीं बढ़ती। यह बात सौ फीसदी सच है कि कोरबा के खदानों से निकलने वाले कोयलों में बिलासपुर और मुंगेली जिले में मिलावटखोरी का खेल चल रहा है। इसी तरह सांठगांठ कर चोरी के कोयले का अवैध परिवहन हो रहा है। पूरा काम खनिज विभाग व पुलिस की सेटिंग से ही चल रहा है। कभी कभार दोनों दिखावे की कार्रवाई जरूर करते हैं पर इस काम में लगे लोगों के खिलाफ कभी एफआईआर नहीं होती।

अरपा के विकास के लिए हर ग्रामीण की भागीदारी जरूरी : शर्मा

- **रिवाईवल के लिए कैचमेंट एरिया के सभी गांव में बने कार्ययोजना**
- **अरपा बेसिन विकास प्राधिकरण, राजीव युवा मितान क्लब और गोठान समिति की संयुक्त बैठक**

बिलासपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा की अध्यक्षता में अरपा विकास प्राधिकरण, राजीव युवा मितान क्लब एवं गोठान समिति के अध्यक्षों की संयुक्त बैठक कोटा जनपद कार्यालय के सभागार में हुई। श्री शर्मा ने कहा कि अरपा नदी के रिवाईवल के लिए इसके कैचमेंट एरिया में रहने वाले हर गांव एवं ग्रामीण की भागीदारी सुनिश्चित किया जाना है। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ी जरूरत कैचमेंट एरिया के लोगों में जागरूकता लाने की है। राजीव युवा मितान क्लब के सदस्यों और गोठान समिति के अध्यक्षों को उन्होंने अरपा को सदानीरा बनाए रखने के लिए अपने-अपने गांव का मुआयना कर कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण सिंह चौहान, अरपा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अभय नारायण राय, सदस्य महेश दुबे, नरेन्द्र बोलर, आशा पांडे, मंडी अध्यक्ष संदीप शुक्ला, कोटा ब्लॉक के राजीव युवा मितान क्लब के अध्यक्ष कुलवंत सिंह, आदित्य दीक्षित सहित अन्य जनप्रतिनिधि, एसडीएम हरिओम द्विवेदी, सीईओ एवं विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

बैठक में श्री शर्मा ने कहा कि अरपा नदी बिलासपुर सहित पूरे जिले की विकास रेखा है। नदी का कैचमेंट एरिया 3 हजार 600 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला है। इसके लिए स्वीकृत तमाम परियोजनाओं का मुख्य लक्ष्य इसे पुनर्जीवित करते हुए बारहमासी नदी बनाना है। इसके अलावा बेसिन एरिया में मिलेट्स और सब्जियों की खेती को भी बढ़ावा देना है। यह काम सरकारी एजेंसियों के सहयोग से नहीं बल्कि इसमें जन सहभागिता भी जरूरी है। सिंचाई विभाग, वन विभाग, पीचई विभाग के अधिकारियों द्वारा अरपा विकास के लिए किये जा रहे कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। श्री शर्मा ने राजीव युवा मितान क्लब के सदस्यों से कहा कि आपके द्वारा मैदानी स्तर से जितने सुझाव आएंगे उन्हीं के आधार पर कार्ययोजना बनाकर क्रियान्वयन किया जाएगा। उन्होंने दो दिन में हुई बारिश से किसानों को हुए नुकसान का आंकलन करने के निर्देश दिए। फॉरेस्ट विभाग को स्वीकृत 18 गोठानों में सीपीटी बनवाने के निर्देश दिए। सीईओ को ब्लॉक में शेष गोठानों का निर्माण एक माह के भीतर करवाते हुए गोबर खरीदी चालू करने कहा। गोबरीपाट में नालों के विकास के लिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। चिल्हाटी नाला के आसपास सब्जियों और मिलेट्स की खेती को बढ़ावा देने, लिटिया गांव में गर्मी में पीने की पानी की समस्या को दूर करने के लिए परकोलेशन टैंक और नाला बंधान कार्य करने के निर्देश दिए। अरपा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अभय नारायण राय ने कहा कि अरपा जीवनदायिनी नदी है।

रेलवे कर्मी के सूने मकान का टूटा ताला, नकदी और जेवर किया पार

बिलासपुर/नवप्रदेश। दो महीने से बंद रेलवे कर्मी के सूने मकान का ताला तोड़कर चोरों ने सोने की चेन, अंगुठी और नकदी पार कर दिए। पड़ोसियों की सूचना पर गांव पहुंचे रेलवे कर्मी ने इसकी शिकायत बेलगहना चौकी में की है। इस पर पुलिस जुर्म दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। बेलगहना क्षेत्र के ग्राम सोनपुरी में रहने वाले रविंद्र कुमार तिवारी रेलवे कर्मचारी हैं। वे बिलासपुर में रेलवे कालोनी में रहते हैं। दो महीने पहले वे मकान में ताला लगाकर रेलवे कालोनी स्थित मकान में रहने के लिए आ गए थे। रविवार की सुबह छह बजे उनके रिश्तेदार ने फोन कर बताया कि मकान के दरवाजे का ताला टूटा है। इस पर रविंद्र परिवार के सदस्यों को लेकर गांव पहुंचे। दरवाजा खोलकर वे अंदर गए तो कमरे में सामान बिखरा हुआ था। हाल में लगा टीवी गायब था। कमरे में रखे आलमारी का लाकर टूटा हुआ था। ताला तोड़कर घुसे चोरों ने लाकर से सोने की चेन, अंगुठी और पांच हजार रूपये पार कर दिए थे। साथ ही जमीन के दस्तावेज भी गायब थे। उन्होंने घटना की जानकारी बेलगहना पुलिस को दी। इस पर पुलिस की टीम ने गांव पहुंचकर संदेहियों के संबंध में जानकारी ली है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है।

अनाधिकृत विकास के नियमितीकरण के लिए 31 के बाद लगेगा अतिरिक्त शुल्क

- **कलेक्टर ने की अनाधिकृत विकास का शीघ्र नियमितीकरण कराने की अपील**

मुंगेली/नवप्रदेश। नगर तथा ग्राम निवेश क्षेत्र अंतर्गत अनाधिकृत विकास के नियमितीकरण के लिए 31 मार्च के बाद अतिरिक्त शुल्क देना पड़ेगा। छत्तीसगढ़ अनाधिकृत विकास का नियमितीकरण के अंतर्गत 01 अप्रैल से शुल्क में 10 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी की जाएगी। कलेक्टर राहुल देव ने जिले के नगर तथा ग्राम निवेश क्षेत्र अंतर्गत ऐसे नागरिक जिन्होंने बिना अनुमति/अनुज्ञा के आवासीय तथा गैर आवासीय भवनों का निर्माण किया है, उनसे 31 मार्च तक निर्धारित शुल्क के साथ नियमितीकरण कराने की अपील है। उन्होंने कहा कि इस माह के अंत तक आवेदन करने पर पुराने शुल्क के साथ शास्ति अधिरोपित की जाएगी, उसके उपरांत नवीन शुल्क के साथ शास्ति अधिरोपित की जाएगी। अनाधिकृत निर्माण के नियमितीकरण को लेकर अब तक 03 बठकें आयोजित की जा चुकी हैं, जिसके अंतर्गत 58 अनाधिकृत निर्माण का नियमितीकरण किया गया है।

नगर तथा ग्राम निवेश के सहायक संचालक ने बताया कि छत्तीसगढ़ भूमि विकास नियम 1984 के नियम के तहत निहित शुल्क में प्रतिवर्ष 10 प्रतिशत की वृद्धि के प्रावधान हैं, जिसके आधार पर छत्तीसगढ़ अनाधिकृत विकास का नियमितीकरण अधिनियम, 2022 संशोधन 2022 के अंतर्गत 01 अप्रैल से शुल्क में 10 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी की जाएगी। उन्होंने बताया कि अनाधिकृत विकास के नियमितीकरण के लिए आवेदक मकान के कागजात, मकान के फोटोग्राफ्स, मकान का नक्शा और संपत्ति कर या बिजली बिल की रसीद आदि आवश्यक दस्तावेज के साथ शहरी क्षेत्रों में संबंधित नगरीय निकाय कार्यालय तथा ग्रामीण क्षेत्रों में नगर तथा ग्राम निवेश कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

न्यायधानी में 23 साल से जीवित है कठपुतली कला

बिलासपुर/नवप्रदेश। कठपुतलियां जो कभी हमारी संस्कृति का प्रतिबिंब कही जाती थी और लोककलाओं के प्रमुख रूप में मनोरंजन के साधन थे। लेकिन, अब आधुनितकता और टेक्नालॉजी के बदलते दौर में दिल बहलाने वाली यह इस कला के अस्तित्व पर खतरा मंडराने लगा है। बावजूद इसके बिलासपुर में पिछले 23 साल से कठपुतली को एक परिवार विरासत के रूम में संभालना रहा है, जी हां, हम बात कर रहे हैं मोइत्रा परिवार की, जो कठपुलती एंव नाट्य कला मंच के माध्यम से लगातार इस पर काम रहे हैं। दरअसल, यह लोककला लोक-शिक्षण, सामाजिक सरोकार, ऐतिहासिक घटना, प्रसंग और भाईचारे की संदेशवाहक होने के साथ ही लोगों में जागृति लाने का सशक्त माध्यम भी है। पहले कठपुतली कला के माध्यम से महिला शिक्षा, प्रौढ़ शिक्षा, परिवार नियोजन जैसे सम-सामयिक विषयों पर आधारित कार्यक्रमों ने लोगों की गलत धारणाओं को बदल कर उन्हें सही दिशा एवं मार्गदर्शन देने का काम किया है।

विप्रजनों ने मनाया होली मिलन

मुंगेली/नवप्रदेश। सर्व ब्राह्मण परिषद का होली मिलन कार्यक्रम में शामिल हुए नगर पालिका अध्यक्ष हेमेंद्र गोस्वामी ने 19-19 लाख के दो निर्माण कार्यो की दी सौगात, 17 लाख के निर्माण कार्यो का किया भूमिपूजन।

सर्व ब्राह्मण परिषद द्वारा इंदिरा केशव विप्र भवन में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्व प्रथम उपस्थित विप्रजनों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित रहे नगर पालिका अध्यक्ष हेमेन्द्र गोस्वामी ने सभी विप्रजनों को बधाई देते हुए कहा कि समाज को मार्ग दिखाने वाले विप्रजनों के कार्यक्रम में पहुँचकर वे स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहें हैं।उन्होंने इस अवसर पर कीचन शेड, सड़क नाली व भवन परिसर में चेकर टाइल्स आदि के लगभग 17 लाख रुपए के निर्माण कार्यो का भूमिपूजन किया। इसके साथ ही 19-19 लाख के दो निर्माण कार्यो का घोषणा कर सौगात दी।इस अवसर पर गिरिश शुक्ला, शैलेष पाठक, प्रमोद पाठक, रोहित शुक्ला, पवन पाण्डेय, कोमल शर्मा, सौरभ बाजपेयी, सुनील पाठक, आशीष मिश्रा, प्रभ्त तिवारी, योगेशर्मा, स्वतंत्र तिवारी, सहित बड़ी संख्या में विप्रजन मौजूद थे।

कलेक्टर के आश्वासन पर ग्रामीणों ने आंदोलन किया स्थगित

- **पानी, बिजली, सड़क के लिए 2 बैरिकेड तोड़ 25 किमी चले 25 गांवों के आदिवासी, घेरा कलेक्टोरेट, 5 बेहोश**

नगरी/नवप्रदेश। सड़क, पानी, बिजली व स्वास्थ्य सुविधा के लिए सीतानदी टाइगर रिजर्व के आदिवासी आजादी के 75 साल बाद भी संघर्ष कर रहे हैं। 25 गांवों के आक्रोशित 2 हजार से अधिक वनवासी कलेक्टोरेट घेराव करने 19 मार्च को सांकरा से रवाना हुए। करीब 100 ट्रैक्टर, पिकअप में सवार होकर धमतरी आ रहे थे, जिन्हें रोकने सोमवार सुबह 4 बजे प्रशासन ने धमतरी नगरी स्टेट हाईवे प पास बैरिकेड लगा दिए। कुछ ग्रामीणों को हिरासत में लेकर रखा। इसके बाद ग्रामीणों ने बैरिकेड तोड़कर पैदल मार्च किया। 25 किमी पैदल चलकर दोपहर 3.10 बजे कलेक्टोरेट पहुंच ही गए। मेन गेट से 50 मीटर दूर 2 जगह बैरिकेड लगाकर रोका गया।

आदिवासियों को समझाने संयुक्त कलेक्टर एसडीएम, एएसपी, डीएसपी, टीआई, पटवारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार ने ताकत झोंक दी, लेकिन वे कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी को ज्ञापन देने की बात पर अड़े रहे। शाम करीब 7.30 बजे संयुक्त कलेक्टर ऋषिकेश तिवारी ने आश्वासन दिया कि 23 मार्च को प्रतिनिधिमंडल के साथ नगर पंचायत नगरी में कलेक्टर बैठक लेंगे। इसके बाद अभयारण्य संघर्ष समिति ने प्रदर्शन स्थगित किया। संघ के उपाध्यक्ष ईश्वर लाल सोरी ने बताया प्रदर्शन में 5 ग्रामीण नारायण मरकाम, चोवाराम, हेमलाल, संजना बेहोश हो गए। सभी को एंबुलेंस से जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया है।

प्रशासन ने भी झोंकी ताकत, बलवा ड्रिल टीम, एंबुलेंस, दमकल टीम रहीं तैनात, वीडियो और फोटोग्राफी भी कराई आदिवासियों को समझाने अफसरों ने कोशिश की।

अभयारण्य संघर्ष समिति की प्रमुख मांगें

अरसीकन्हार से गरहाडीडी तक, गहनासियार से चर्मेदा तक खल्लारी से रिसगांव तक ठेठारिया से बिरनासिल्ली सड़क निर्माण रिसगाव, करही, खल्लारी, फरसगांव पंचायत में क्रांकीट की टैंक का निर्माणा, पेसा कानून ग्रामसभा 5वीं अनुसूची लागू किया जाए। सीतानदी अभयारण को हटाया जाए। सभी गांवों के चौराहों में हाई मास्क सोलर लाइट लगाया जाए। रिसगांव में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोलने की मांग भीरागांव से खल्लारी, चर्मदा एवं रिसगांव से जोरातराई तक बिजली कनेक्शन लगाया जाए।

ध्वनि प्रदूषण पर रोक नहीं, आरटीओ व ट्रैफिक विभाग की कार्रवाई दिखावा

मुंगेली/नवप्रदेश। बढ़ता ध्वनि प्रदूषण खतरे की घंटी है, यह कोई जुमला नहीं बल्कि शहर की हकीकत है शहर के ज्यादा भीड़भाड़ वाले स्थान पर प्रतिदिन वाहनों से कितना प्रदूषण हो रहा है और कौन-कौन वाहन ध्वनि कितना नुकसान पहुंचा रहे है, इसकी जानकारी जिम्मेदारों को नही है, ध्वनि प्रदूषण को लेकर एनजीटी ने मानक तय किये है। लेकिन नगर व आसपास कही पर भी इस पर अमल होता नहीं दिख रहा है।

खास बात ये है कि ध्वनि प्रदूषण को रोकने परिवहन और यातायात विभाग वाहनों से होने वाले ध्वनि प्रदूषण जांचने के लिये समय-समय पर जांच का दिखावा तो करती है लेकिन सुधार आज तक नजर नहीं आया, सभवत; जिले में दोनों ही विभाग द्वारा बीते कई महीनों से वाहन में हार्न को लेकर जांच नही की गई है। ऐसे में दोनों ही जिम्मेदार विभाग को पता नहीं है कि कौन वाहन कितना प्रदूषण कर रहे है। कोलाहल नियंत्रण अधिनियम में प्रावधान है कि तेज आवाज में यदि कोई वय्यक्ति या संस्था संगीत या लाउड स्पीकर बजाती है तो उसके खिलाफ एफ.आई. आर भी दर्ज कराई जा सकती है इस अधिनियम को प्रशासन ने गभीरता निवारण हो सकता है, शान की सवारी बुलेट को जानदार बनाने के लिए उसके साइलेंसर को बदल दिया जाता है, साईलिसर बदलने से बाइक की आवाज तेज हो जाता है। जिससे आसपास के लोग परेशान हो जाते है।जिस गली, मुहल्ले में साइलैंसर वाला बाइक गुजरता है। आमजन उसके तीखे एवं कानफोड् आवाज से परेशान हो जाते है। हैरानी की बात तो यह है कि शहर में दिनभर बुलेट व अन्य वाहन सड़कों पर दौड़ती रहती है। लेकिन उन्हें अनेक प्वाइंटों पर यातायात पुलिसकर्मी तैनात है। लेकिन उन्हें बुलेट की आवाज सुनाई नही पड़ती, सिग्नल चैक, दाउपारा, बस स्टैण्ड, नंदी चैक, क्षेत्रो मे रात के समय शरारती युवाओं का हौसंला और भी बुलंद हो जाता है। शाम ढलते ही इसी प्रकार से बाइकों की आवाज आती रहती है। बुलेट व अन्य वाहन से कानफोड़ू बंदूक की तरह निकलने वाली तेज आवाज से लोग परेशान हो रहे है अपितु ध्वनि प्रदूषण के कारण लोगों की सेहत पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है।

5.93 ग्राम ड्रग्स के साथ एक पकड़ाया

बिलासपुर/नवप्रदेश। राजधानी एक्सप्रेस में हाई प्रोफाइल पार्टियों में इस्तेमाल किए जाने वाले ड्रग्स मौली की तस्करी करने का मामला सामने आया है। बिलासपुर पुलिस ने ट्रेन के अटेंडेंट को 5.93 ग्राम ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि वह शहर में हाई प्रोफाइल पार्टी करने वालों के पास इसे खपाने आया था। पुलिस आरोपी युवक से पूछताछ कर रही है। मामला तारबाहर थाना क्षेत्र का है।

पुलिस की एंटी सायबर एंड क्राइम यूनिट को जानकारी मिली कि तारबाहर के साई मंदिर के पास एक युवक संदिग्ध हालत में घूम रहा है और उसके पास नशे का सामान है। जानकारी मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई।

लापरवाही से होते हैं सड़क हादसे, नियमों का पालन कर बचाए जान

बिलासपुर/नवप्रदेश। अधिकतर सड़क हादसे लोगों की लापरवाही के कारण होते हैं। इसमें बेकसूर लोगों की भी जान चली जाती है। इससे बचने के लिए वाहन चलाते समय नियमों का पालन करना चाहिए। यातायात नियमों का पालन करने से सड़क हादसों को कम किया जा सकता है। ये बातें प्रिमियर एकेडमी में आयोजित यातायात पाठशाला में रोड सेफ्टी सेल के प्रभारी एसआइ उमाशंकर पांडेय ने कही।

यातायात एएसपी रोहित बघेल ने बताया कि रोड सेफ्टी सेल की ओर से शैक्षणिक संस्थानों में लगातार जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को प्रिमियर एकेडमी कोचिंग संस्थान में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए एसआइ उमाशंकर पांडेय ने कहा कि नाबालिग वाहन चालकों के कारण कई बार बड़े हादसे होते हैं। अभिभावक अपने नाबालिग बच्चों को वाहन नहीं सौंपे। साथ ही स्कूल प्रबंधन भी इस ओर नजर रखे। नाबालिग विद्यार्थी अगर वाहन लेकर संस्थान आते हैं इसकी जानकारी तत्काल अभिभावकों को दी जाए।

पाइप लाइन विस्तार, टंकी निर्माण पर खर्च होगा 87 लाख

- **सभापति गौरहा व ब्लॉक अध्यक्ष ने किया भूमिपूजन**

बिलासपुर/नवप्रदेश। जल ही जीवन है कहने को तो पृथ्वी के दो तिहाई भाग पर जल है, लेकिन पीने योग्य जल सिर्फ दो प्रतिशत ही है। इसका संरक्षण और संवर्धन हमारी जिम्मेदारी है। यदि हमने अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन ठीक से नहीं किया तो आने वाली पीढियां हमें कभी माफ नहीं करेंगी क्योंकि मौसम वैज्ञानिकों का मानना है कि आने वाले समय में यदि कभी युद्ध की स्थिति बनती है तो इसकी वजह पानी ही होगा इसलिए हमें आज ही नहीं अभी से ही जल को संरक्षित करने का उपाय शुरू कर देना चाहिए। यह बातें जिला पंचायत सभापति अंकित गौरहा ने जल जीवन मिशन के तहत पानी टंकी के लिए भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान कही।

जिला पंचायत सभापति ने ग्राम पंचायत परसाही में जल जीवन मिशन के लिए टंकी निर्माण और पाइप लाइन विस्तार के भूमिपूजन कार्यक्रम में भी शिरकत किया। गौरहा ने बताया कि 87 लाख रुपए की लागत से पानी टंकी निर्माण और पाइप लाईन बिछाने का काम किया जाएगा काम पूरा होने के बाद लोगों को पानी के लिए दर दर नहीं भटकना होगा।

कार्यक्रम में शिरकत के दौरान स्थानीय लोगों ने सभापति तथा बेलतरा ब्लाक अध्यक्ष झगरराम सूर्यवंशी, गुड्डा ठाकुर का फूल माला से स्वागत किया। उपस्थित लोगों को अंकित गौरहा ने संबोधित भी किया। गौरहा ने बताया कि दुनिया के पृथ्वी के 72 प्रतिशत भाग पर जल है। लेकिन पीने लायक पानी केवल 2 प्रतिशत ही है। पिछले दो दशक से बुद्धिमान लोग लगातार चेतावनी दे रहे हैं कि पानी का संरक्षण करें। क्योंकि आने वाले समय पर कभी युद्ध की स्थिति बनती है तो उसकी वजह पानी ही होगा। हमें आज और अभी से पानी को संरक्षित करने की जरूरत है।

अंकित ने बताया कि पानी पर सार्वभौमिक अधिकार है। हमें पानी का उपयोग करना है ना कि दुरपयोग। सरकार का भी प्रयास है कि जनता जनार्दन को साफ सुथरा पानी मिले इसलिए हमारी जिम्मेदारी भी बनती है कि पानी का सदुपयोग करें साथ ही नुकसान को भी रोंके। जनजागरण अभियान चलाकर पानी की उपयोगिता पर प्रकाश डालें क्योंकि यदि जल है तो कल है।

ब्लाक अध्यक्ष झगरराम सूर्यवंशी ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारी सरकार जनता की हर सुविधा को ध्यान में रखकर काम कर रही है पानी टंकी बनने से गांव की महिलाओं को बड़ी सुविधा और राहत मिलेगी, ग्रामवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से गुड्डा ठाकुर, सरपंच प्रतिनिधि ओमप्रकाश डोंगरे, बाबूलाल सुर्यवंशी, पंच राजेंद्र कुमार, महेंद्र कुमार, परमेश्वर, राजीव मितान क्लब अध्यक्ष अनिश डहरिया, जितेन्द्र कमलेश, वेदराम डहरिया, विनोद लसहे, भगत पटेल तथा ग्रामवासी उपस्थित रहें।

न्यूज गैलरी

रेडक्रॉस ने महिलाओं को सामग्री वितरण किया

बीजापुर/नवप्रदेश। अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला संघ बीजापुर द्वारा पंचशील आश्रम के 30 बालिकाओं को हाईजीन कीट प्रदाय किया गया एवं उनके स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। वहीं 3 नग पल्स आक्सोमीटर एवं साबुन का विरतण भी उपस्थित अतिथि शंकर कुड़ियम जिला पंचायत अध्यक्ष, नीना रावतिया उद्दे जिला पंचायत एवं सदस्य बस्तर विकास प्राधिकरण, बोधी ताती जनपद अध्यक्ष द्वारा वितरण किया गया। इस दौरान तीन निशक्त महिलाओं को किचन शेड एवं 1-1 नग कंबल भी प्रदान किया गया।

राजस्व व कृषि विभाग के अफसर बीज केंद्र का निरीक्षण करने पहुंचे

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। जिले में लगातार प्रतिबंधित कीटनाशक दवाइयों के विक्रय पर निरीक्षण कर कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में जिले के गीदम विकासखंड अंतर्गत लोकेश कृषि बीज केंद्र का निरीक्षण किया गया। इस दौरान रासायनिक खाद बेचने पर कार्यवाही की गई। जिसमें 12 किलो सल्फेट (एसएसपी) क्लोरोप्राइड 4 पैकेट, फोरेट 1 पैकेट, अडमिरे 6 पैकेट जब्त की गई। जिसे बेचने के लिए प्रतिबंधित किया गया है। व्यापारी को समझाइश दी गई कि कीटनाशक रसायन बहुत खतरनाक होते हैं। इससे पर्यावरण को नुकसान होता है साथ ही आम जनमानस के स्वास्थ्य के लिए भी बड़ा खतरा रहता है। उन्होंने अवैध रासायनिक खाद का विक्रय करने पर आगे कड़ी कार्यवाही करने की बात कही। निरीक्षण के दौरान गीदम एसडीएम, गीदम तहसीलदार, कृषि विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

24 तक कोषालय में देयक जमा करने के निर्देश

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन वित्त विभाग के द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 के बजट से संबंधित देयकों को 24 मार्च 2023 तक कोषालय में जमा करने निर्देशित किया गया है। उसके पश्चात 27 मार्च से 31 मार्च 2023 तक वित्त विभाग की अनुमति से ही देयक जमा किए जाने के निर्देश है। सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों से अनुरोध किया गया है कि 23 मार्च 2023 तक कोषालय में बजट से संबंधित देयकों को जमा करें ताकि समय पर देयकों का भुगतान किया जा सकें।

अभिव्यक्ति महिला जागरूकता सप्ताह का समापन

- महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूकता फैलाना है उद्धेश्य : एसपी
- बच्चों ने छत्तीसगढ़ी गीत व गानों की दी शानदार प्रस्तुति

सूरजपुर/नवप्रदेश। अभिव्यक्ति महिला जागरूकता सप्ताह के दौरान सात दिनों तक चले इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, इन सभी प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत करने सोमवार को रक्षित केन्द्र में पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन कर इसमें शामिल प्रतिभागियों को पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) ने ईनाम प्रदाय कर सम्मानित किया। आयोजन को सफल बनाने में लगन से कार्य करने वाले पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने छत्तीसगढ़ी गीत व गाने की शानदार प्रस्तुति देकर अपना हुनर दिखाया।

पुलिस मुख्यालय नया रायपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज श्री राम गोपाल गर्ग (भा.पु.से.) के निर्देश पर जिले में अभिव्यक्ति महिला जागरूकता सप्ताह दिनांक 13 से 19 मार्च 2023 तक बड़े हर्ष के साथ मनाया गया। पुलिस अधीक्षक सूरजपुर व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह के निर्देशन व मार्गदर्शन में इन सात दिनों में महिलाओं-छात्राओं को महिला सुरक्षा एवं महिला सशक्तिकरण, महिला सुरक्षा के लिए बने कानूनों, साइबर अपराध, कानून में महिलाओं को प्राप्त मूलभूत अधिकार सहित कई अहम जानकारियों से अवगत कराया गया तथा विभिन्न प्रकार के खेलकूद एक्टिविटी एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया जिसका पुरस्कार वितरण कार्यक्रम सोमवार, 21 मार्च को पुलिस लाईन में किया गया।

पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) ने कहा कि यहां के महिलाओं व बालिकाओं में कला तथा खेल प्रतिभा बहुत है, अभिव्यक्ति कार्यक्रम के दौरान आयोजित कराये गए सभी प्रतियोगिता में सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अभिव्यक्ति कार्यक्रम का उद्धेश्य महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूकता फैलाना है। उन्होंने अधिक से अधिक अभिव्यक्ति ऐप का इस्तेमाल करने तथा आस-पड़ोस की महिला-बालिकाओं को अभिव्यक्ति की जानकारी देते हुए उन्हें जागरूक करने कहा। इस दौरान प्रशिक्षु डीएसपी दीपमाला कुर्रे, रक्षित निरीक्षक भूपेन्द्र कुर्रे, एसआई आराधना बनोदे सहित पुलिस के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

प्रतियोगिता के विजेताओं को मिला ईनाम

अभिव्यक्ति महिला जागरूकता सप्ताह के अन्तर्गत छात्राओं-महिलाओं के लिए कुर्सी दौड़, जलेबी दौड़, रस्सा खींच, क्रिकेट एवं चित्रकारी प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। ड्राईंग प्रतियोगिता में प्रथम महिमा सिंह, द्वितीय खुशी मिंज, तृतीय प्रतिष्ठा श्रीवास्तव, रस्सा खींच प्रतियोगिता के लिए एब्रेन्सिया खलखो व टीम, जलेबी दौड़ महिला में प्रथम गीता सिंह, द्वितीय प्रमिला मिंज, तृतीय वृन्दा सिदार, कुर्सी दौड़ में प्रथम सुमित्रा सिंह, द्वितीय वृन्दा सिदार, तृतीय हेमन्ती सिंह, जलेबी दौड़ बालिका में प्रथम सेजल सिंह, द्वितीय अनिषा एक्का, तृतीय जानवी सिंह, जलेबी दौड़ बालक में प्रथम प्रियांशु, द्वितीय अविनाश, तृतीय आदर्श तथा महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में भारती राजवाड़े को वुमेन आफ द सिरिज तथा गायत्री मानिकपुरी को वुमेन आफद मैच रहे जिन्हें पुलिस अधीक्षक ने ईनाम प्रदाय किया।

4 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गए बिहान के कर्मचारी

सुकमा/नवप्रदेश। जिले के संयुक्त बिहान के कर्मचारी अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर प्रथम चरण में पांच दिवसीय हड़ताल के पश्चात अपनी मांगों पर सरकार द्वारा कोई प्रतिक्रिया नहीं देने पर सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठ गए हैं।

बता दें कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन(बिहान) अंतर्गत कार्यरत कैडर पीआरपी, अरबीके, एफएलसीआरपी, सक्रिय महिला, बैंक मित्र, पशु सखी, कृषि सखी नियुक्ति प्रमाण पत्र देने, पीआरपी को नियमित करने, वेतन वृद्धि और मानदेय का नियमित भुगतान करने जैसी चार सूत्रीय मांगों को लेकर पांच दिवसीय हड़ताल के बावजूद कोई निराकरण नही मिलने के पश्चात सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठ गए हैं। जिसकी सूचना कलेक्टर, जिला सीईओ, डीपीएम को कर्मचारियों द्वारा दी गई।संघ की महिलाओं ने कहा कि नक्सल क्षेत्र में काम करने के बावजूद हमे जान के साथ साथ नौकरी का खतरा बना रहता है। हमारी छोटी से गलती के लिए हमे नौकरी से निकाल देने की बात तक जिम्मेदारों द्वारा किया जाता है जिससे हम सभी अपने भविष्य के लिए भयभीत हैं।

नियुक्ति प्रमाण पत्र दे सरकार : पटेल

पीआरपी पत्रिका पटेल ने कहा कि लंबे समय से आजीविका मिशन के तहत कार्य कर रहे हैं परन्तु आज तक हमे किसी प्रकार का कोई नियुक्ति प्रमाण पत्र नही दिया गया। इसके अलावा बढ़ती महंगाई को देखते हुए इतने वर्षो में एक बार भी वेतन वृद्धि नही किया गया जिससे हम सभी बहुत ही परेशान हैं।

वेतनवृद्धि के साथ टीए डीए भी दिया जाए : नेताम

पीआरपी यज्ञ कुमारी नेताम ने कहा कि एक पीआरपी को 10 से 15 पंचायत का कार्य करना पड़ता है जहां तक आने जाने के लिए किराया भत्ता नही दिया जाता। इसके अलावा इतने वर्षो से किराए के मकान में रहकर कार्य कर रहे हैं पर किसी प्रकार की भत्ता और वेतन वृद्धि नही किया जा रहा है। पंचायत स्तर पर सभी योजनाओं का कार्य किया जाता है पर इसके अनुसार हमे वेतन नही मिल रहा है जिसके कारण हम सभी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठ गए हैं।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना...

की सुविधा के लिए छत्तीसगढ़ में नेशनल ट्रांजिट पास सिस्टम का शुभारंभ किया। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शहीद महेन्द्र कर्मा सामाजिक सुरक्षा योजना के अंतर्गत 1458 हितग्राहियों के खाते में कुल 22 करोड़ रुपए की राशि का ऑनलाइन अंतरण किया। सीएम ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि 'मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा योजना' वाणिज्यिक वृक्षारोपण करने वाले हितग्राहियों के लिए आर्थिक दृष्टि से, पर्यावरण, सॉइल हेल्थ की दृष्टि से महत्वपूर्ण योजना साबित होगी। उन्होंने कहा कि यह प्रसन्नता का विषय है कि बस्तर और सरगुजा के लोगों ने जहां प्रदेश में सर्वाधिक वन हैं, वृक्षारोपण की इस योजना में गहरी रूचि दिखाई है। मैदानी इलाके के दुर्ग और रायपुर संभाग में हितग्राहियों ने कम रूचि दिखाई है। जबकि यहां वृक्षों की ज्यादा जरूरत है। मुख्यमंत्री ने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि दुर्ग और रायपुर संभाग में इस योजना को व्यापक प्रचार-प्रसार कर योजना से होने वाले लाभों की जानकारी लोगों को दी जाए, ताकि इस क्षेत्र में भी वृक्षारोपण को बढ़ावा मिले। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के जंगल और यहां की जैव विविधता छत्तीसगढ़ की पहचान है। हमारी कला, संस्कृति, परम्पराएं, दर्शन, चिंतन, आध्यात्म, इतिहास सब कुछ हमारे जंगलों से जुड़ा है। छत्तीसगढ़ के वन पूरे देश की धरोहर है।

किसानों को होगी ...

पर्यावरण संतुलन की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण योजना है। योजना में 5 एकड़ में वाणिज्यिक वृक्षारोपण करने वाले हितग्राहियों को शतप्रतिशत अनुदान तथा 5 एकड़ से अधिक भूमि पर वृक्षारोपण करने वाले हितग्राहियों को 50 प्रतिशत अनुदान देने का प्रावधान किया गया है।

बेमौसम बारिश से ...

मामला उठाते हुए स्थगन प्रस्ताव लेकर आयी। आसंदी ने विपक्ष के स्थगन प्रस्ताव को अग्राह्य किया, जिस पर विपक्ष ने सरकार पर किसानों के मुद्दे पर चर्चा से भागने का आरोप लगाया। आसंदी ने स्थगन प्रस्ताव को अग्राह्य करते हुए कहा कि किसी न किसी रूप के इसमें चर्चा कराई जाएगी। स्थगन प्रस्ताव अस्वीकार होने के बाद विपक्ष ने कहा कि अपने आप को किसान हितैषी बताने वाली सरकार किसानों के मुद्दे पर चर्चा करने से भाग रही है। कृषि मंत्री रविंद्र चौबे ने कहा कि हम चर्चा के लिए तैयार है, लेकिन आसंदी ने व्यवस्था कर दी है तो किसी न किसी रूप में चर्चा होगी। इस दौरान सदन में राजस्व मंत्री ने बारिश और ओलावृष्टि से हुई नुकसान की जानकारी दी। बीजेपी विधायक शिवरतन शर्मा ने आरोप लगाया कि बरसात से हुए नुकसान का सरकार ने संज्ञान नहीं लिया।श्री शर्मा ने कहा कि 18 और 19 मार्च को छग में बेमौसम बारिश हुई है और ओलावृष्टि भी हुई है। सब्जी की फसल बर्बाद हो गई है।

राहुल के बयान और अडाणी ...

सभापति से कहा कि वह रमजान सहित कुछ अन्य त्योहारों को लेकर भी देशवासियों को शुभकामनाएं दें ताकि इस सदन से अच्छा संदेश जाए। धनखड़ ने उनकी मांग स्वीकार करते हुए कहा कि वह रमजान एवं नवरोज के साथ साथ अप्रैल में आने वाले त्योहारों के लिए भी देशवासियों को बधाई देना चाहते हैं। सभापति ने कहा कि हमारा देश एवं सभ्यता विश्व में अनूठी है और हमारी विविधता हमारी दुर्लभ एकता में परिलक्षित होती है। उन्होंने कहा, ''हम देश में जहां भी जाएं वहां हमें तीन बातें साझा दिखायी देती हैं। पहली- हमारे विशिष्ट त्योहार, दूसरी- देश के हर कोने में एक ऐसा अचर्चित नायक होगा जिसने स्वाधीनता संग्राम में योगदान दिया होगा तथा तीसरी-, हमें हर क्षेत्र में एक स्थानीय विशिष्ट उत्पाद या क्षमता दिखाई देगी।'' इसके बाद सभापति ने कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के कामकाज पर चर्चा कराने की बात कही। किंतु इसी बीच नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आसन से कुछ कहने की अनुमति मांगी। खरगे ने कहा, ''राहुल गांधी इस सदन के सदस्य नहीं हैं और उन्हें माफी मांगने की कोई जरूरत नहीं है।

दोषी पाए गए गुरुकुल के डायरेक्टर, संयुक्त संचालक के आदेश पर दर्ज होगा एफआईआर

- जांच प्रतिवेदन से हुआ खुलासा, गुस्सैल रवैय्ये के चलते बच्चे को दिया था शारीरिक दंड

जगदलपुर/नवप्रदेश। ग्राम चिढ़ईपदर स्थित संस्कार द गुरुकुल आवासीय विद्यालय में व्याप्त अनियमितताओं की शिकायत राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो द्वारा विभिन्न विभागों में किये जाने के बाद से ही इस विद्यालय की परेशानियाँ कम होने का नाम नहीं ले रही है. पूर्व से ही विवादों में घिरे इस आवासीय विद्यालय की मान्यता रद्द होने से लेकर यहाँ के डायरेक्टर पर अब विभिन्न धाराओं के तहत एफआईआर भी होगी. इस सम्बन्ध में संयुक्त संचालक ने जिला शिक्षा अधिकारी को आदेशित भी कर दिया है.

गौरतलब है कि कुछ माह पूर्व यहाँ के डायरेक्टर अमित जैन ने संस्था के सभी गतिविधियों में बगैर प्राचार्य अभिषेक नायडू की अनुमति और विचार-विमर्श किये सीधे हस्तक्षेप करते हुए अपने स्वेच्छारिता और गुस्सैल रवैय्ये के चलते दसवीं कक्षा के छात्र को बेरहमी से बाल खींचते हुए टेबल में ढकेल दिया था और 14-15 झापड़ जड़ दिए थे. इस घटना में छात्र को टेबल में ढकेलने और अमित की घड़ी से सर पर गंभीर चोट भी लगी थी. इस घटना की जानकारी राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो, नयी दिल्ली की बस्तर इकाई को मिलने के बाद संभागीय अध्यक्ष जगमोहन सोनी और उनकी टीम के द्वारा विद्यालय पहुंचकर जानकारी प्राप्त की गयी जिसके आधार पर राज्य से लेकर क्षेत्रीय स्तर तक विभिन्न विभागों में इसकी लिखित शिकायत दी गयी थी. शिकायत के आधार पर संयुक्त संचालक आरपी आदित्य के आदेश पर जिला शिक्षा अधिकारी ने तीन सदस्यीय जांच टीम गठित की. इस जांच टीम ने अपनी छः बिंदु की रिपोर्ट में विद्यालय के डायरेक्टर अमित जैन को दोषी पाया है. यही नहीं, डायरेक्टर अमित द्वारा सभी नियमों को दरकिनार करते हुए शैक्षणिक गतिविधियों में भी हस्तेक्षेप किया जाता रहा है. जिससे यहाँ के शिक्षकों और बच्चों को मानसिक प्रताड़ना झेलना पड़ रहा है. संस्था के प्राचार्य अभिषेक नायडू ने अपने लिखित बयान में कहा है कि उन्हें भी संस्था के कई जरुरी कार्यों से अनभिग्य रखा जाता रहा है. जांच टीम ने स्पष्ट तौर पर यह कहा है कि संचालक ने जांच दल के समक्ष अपनी उपस्थिति ही दर्ज नहीं करायी थी।

जिले के हर बूथ को मजबूत व सशक्त बनाने युकां की हुई बैठक

कोण्डागाँव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ युवा कॉग्रेस के निर्वाचन के पश्चात कांग्रेस भवन कोण्डागाँव में युवा कांग्रेस के ज़िला एव विधानसभा के युवाओ को आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर तैयारी प्रारम्भ करने के लिए युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी के आह्वान पर व प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा के निर्देशानुसार जिला स्तरीय कार्यकारिणी बैठक आयोजित किया गया जिसमे युवा कॉग्रेस के द्वारा आने वाले समय मे युवा कांग्रेस द्वारा आयोजित किये जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों को विस्तार से बताया जिसके अंतर्गत सभी युवाओं को बूथ कमेटी गठन, मेरा मत मेरा अधिकार हर बूथ से यूथ जोड़ों अभियान पे जोर देने का निर्देश दिया गया साथ ही जल्द ही जिला अंतर्गत सभी ब्लाक में ब्लाक अध्यक्ष नियुक्त करने और आगामी 27 मार्च को दिल्ली में संसद घेराव पर रणनीति बना कर चर्चा की गई !जिला अध्यक्ष ने सभी युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को गाँव के प्रत्येक युवा तक पहुँचकर कॉग्रेस सरकार के जन कल्याणकारी योजनाओं को पहुँचाने के साथ साथ मेरा मत मेरा अधिकार तहत 18 वर्ष के ऊपर के लोगों को जिनका नाम वोटर लिस्ट मे नहीं उनका नाम जोड़वा कर उनका अधिकार उनको दिलाने के कार्य करने का निर्देश दिया गया साथ ही कहा कि आने वाले समय में विधानसभा चुनाव में युवा कांग्रेस कोण्डागाँव की अहम भूमिका होगी जिसके लिए युवा कांग्रेस के सभी साथियों को कमर कसकर मैदान में उतरने की तैयारी शुरू कर करने कि बात कही गई !बैठक में प्रेमशीला मण्डावी प्रदेश महासचिव युवा कांग्रेस छत्तीसगढ़ व जनपद अध्यक्ष बडेराजपुर, अभिलाषा पोयाम प्रदेश महासचिव युवा कांग्रेस छत्तीसगढ़, युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष अमीन पारेख, जिला माहसचिव जुनेद मेमन, सर्वेश सेठिया, विधानसभा उपाध्यक्ष श्रीराम नेताम, प्रतीक्षा सुरजाल, महासचिव ठाकुर राम मारपी, कल्पेश दीवान, गीतेश बघेल, विधानसभा सचिव नाथू राम वट्टी, राकेश कुंजाम, कोमल नेताम, दयाशंकर मरकाम, देवसिंग बघेल, राहुल सोनी, गणेश यादव, प्रदीप यादव, लिलित मरकाम, धनसिंह मरकाम, जी एस मरकाम, कल्पेश दिवान, सहित युवा कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पिकअप ने बाइक को मारी टक्कर, एक युवक की मौत

जगदलपुर/किलेपाल/नवप्रदेश। बास्तानार ब्लॉक के किलेपाल में मंगलवार को एक पिकप ने बाईक को जोरदार ठोकर मार दी। इस हादसे में एक की मौत और दो ग्रामीण घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार बास्तानार कैप से तीन सीएफके जवान किलेपाल की ओर बाईक क्रमांक सीजी 11 एएस 5943 से जा रहे थे कि जगदलपुर की ओर से एक पिकप क्रमांक सीजी 18 क्यू 1395 ने किलेपाल क्रमांक-3 के पास बाईक जोरदार ठोकर मार दी। इस जबरदस्त टक्कर से एक जवान की घटना स्थल पर ही मौत हो गई और दो जवान घायल हो गए। जिन्हें उपचार हेतु 108 की मदद से डिमरापाल अस्पताल ले जाया गया।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग अम्बिकापुर जिला- सरगुजा (छ.ग.)

संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना - 11/2022-23 (प्रथम आमंत्रण)

क्रमांक / 345 / व.ले.लि. / ग्रायांसेवा / 2022-23 अंबिकापुर, दिनांक 15.03.2023

एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑन लाईन (Online) निविदा दिनांक 31.03.2023 तक आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	ऑनलाईन निविदा क्रमांक	कार्य का नाम	जनपद पंचायत	अतिरिक्त कमरों की संख्या	निविदा राशि (लाख में)
1	2	3	4	5	6
1	128183	17 शाला भवनों में अतिरिक्त कमरों का निर्माण	अम्बिकापुर	17x03 = 51	354.60
2	128311	09 शाला भवनों में अतिरिक्त कमरों का निर्माण	बतौली	08x03 = 24 01x02 = 02	181.31
3	128312	15 शाला भवनों में अतिरिक्त कमरों का निर्माण	सीतापुर	15x03 = 45	312.88
4	128313	09 शाला भवनों में अतिरिक्त कमरों का निर्माण	मैनपाट	08x03 = 24 01x02 = 02	181.31
5	128314	19 शाला भवनों में अतिरिक्त कमरों का निर्माण	लुण्ड्रा	12x03 = 36 07x02=14	348.38
6	128315	19 शाला भवनों में अतिरिक्त कमरों का निर्माण	लखनपुर	19x03 = 57	396.32
7	128316	05 शाला भवनों में अतिरिक्त कमरों का निर्माण	लखनपुर	05x03 = 15	104.29
8	128317	09 शाला भवनों में अतिरिक्त कमरों का निर्माण	उदयपुर	06x03 = 18 03x02 = 06	167.54

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेब साईट https://res.cg.gov.in से दिनांक 15.03.2023 से डाउनलोड की जा सकती है ।

जी-99445/4

(आर.पी. कुटार)
कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग अम्बिकापुर

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायगढ़ (छ.ग.)

Phone No. :- 07762-222911, Fax No. :- 07762-222923
Email:-nraigarh@ymail.com website- www.nagarnigamraigarh.com

क्रमांक 2892 /वि.वि. /न.पा.नि./ 2022 रायगढ़, दिनांक 21/03/2022

-: निविदा आमंत्रण सूचना :-

नगर पालिक निगम, रायगढ़ विद्युत विभाग में वित्तीय वर्ष 2023-24 तथा आगामी निविदा होने तक के लिए स्ट्रीट लाईट एवं भवनों के लाईटों की सुधार कार्य हेतु विद्युत सामग्री प्रदाय कार्य, कार्य की लागत राशि 09.96/- लाख रु., अमानत राशि 10,000.00/-रू. निविदा प्रपत्र शुल्क 750.00/-रू. निर्माणकर्ता/ अधिकृत विक्रेता (एक निर्माणकर्ता से एक शहर में केवल एक ही विक्रेता मान्य होगा)/निगम क्षेत्रांतर्गत (हार्डवेयर/इलेक्ट्रीकल्स संबंधित सामग्री) दुकान स्थापना पंजीयन प्रमाण पत्र धारी (GST पंजीयन प्रमाण पत्र होना चाहिए) से निविदा प्रपत्र ''स'' निगम, रायगढ़ की वेबसाईट www. nagarnigamraigarh.com से निविदा प्रपत्र डाउनलोड कर नगर पालिक पूर्ण रूप से भर कर निविदा प्रपत्र के साथ निर्धारित प्रपत्र शुल्क डी.डी. के माध्यम से दिनांक 12.04.2023 अपरान्ह 04.00 बजे तक स्पीडपोस्ट / पंजीकृत डाक से मुहर बंद निविदाएं त्रि-लिफाफा पद्धति से आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाए उसी दिन अपरान्ह को सायं 04.30बजे उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खोली जावेगी ।

नोट :- * सामग्री सूची व नियम एवं शर्ते संलग्न कर वेबसाईट www.nagarnigamraigarh.com /uad.cg.gov.in पर अपलोड है।
* कार्य का अन्य विवरण एवं नियम शर्ते कार्यालय में कार्यालयीन समय में देखा जा सकता है।

आयुक्त
नगर पालिक निगम
रायगढ़ (छ.ग.)

न्यायालय नजूल अधिकारी, मुंगेली (छत्तीसगढ़)

ईश्तहार

क्रमांक क / वा / नजूल / 2023
मुंगेली, दिनांक 14.03.2023

श्री रिखीराम पिता स्व श्री पुत्तूलाल एवं पांच अन्य निवासी मोहल्ला राजेन्द्र वार्ड मुंगेली, तहसील एवं जिला मुंगेली (छ.ग.) ...आवेदक

बनाम

छ.ग. शासन ...अनावेदक

इस सूचना के माध्यम से आम जनता को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में आवेदक श्री रिखीराम पिता स्व. श्री पुत्तूलाल एवं पांच अन्य निवासी राजेन्द्र वार्ड मुंगेली, तहसील व जिला मुंगेली (छ.ग.) कि ओर से अधिवक्ता श्री एस. एम. कलीम नगर मुंगेली के मोहल्ला पड़ावपारा मुंगेली स्थित नजूल भूमि शीट नंबर 28-डी, प्लाट नं. 88, क्षेत्रफल 101 वर्गमीटर पर फौती दर्ज कर नजूल रिकार्ड में वैधानिक वारिसानों का नाम दर्ज किए जाने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उपरोक्त संबंध में प्रकरण विचाराधीन है। किसी व्यक्ति, संस्था या उपरोक्त भूमि पर हक रखने वालो को किसी प्रकार की दावा / आपत्ति हो तो वे दिनांक 31.03.2023 को दिन के 02.00 बजे इस न्यायालय में स्वतः अथवा अपने मुख्त्यार/ अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना लिखित दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त किसी प्रकार की दावा आपत्ति पर विचार करना संभव नही होगा।

आज दिनांक 14.03.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

(तीर्थराज अग्रवाल)
सील नजूल अधिकारी,
मुंगेली (छ.ग.)

न्यायालय नजूल अधिकारी जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202303160100006
अ-20(3) 2022-23

ईश्तहार

आम जनता को इस ईश्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आवेदिका विमला साहनी पिता/पति रामधर साहनी जाति हल्बा निवासी आंवराभाटा नगरीय क्षेत्र आंवराभाटा तहसील दंतेवाड़ा जिला दंतेवाड़ा मोबाइल नंबर 7587366828 को ग्राम आंवराभाटा पहन 14 तहसील दंतेवाड़ा जिला दंतेवाड़ा स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 36 रकबा 0.5780 हेक्टे में से 62 वर्गमीटर भूमि आवासीय प्रयोजनार्थ व्यवस्थापन/बंटन किये जाने संबंधी प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो आपत्ति के स्पष्ट कारणों को उल्लेख करते हुये स्वयं या अपने मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 05/04/2023 तक कार्यालयीन समय में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है ।

नियत तिथि पश्चात प्रस्तुत आपत्ति/अभ्यावेदन इस न्यायालय द्वारा स्वीकार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 20.3.2023 को जारी किया जाता है।

सील नजूल अधिकारी,
दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा

न्यायालय तहसीलदार, दंतेवाड़ा, जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.)

रा.प्र.क्र./202301160100022/
अ-21/2022-23 ग्राम-कतियाररास

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजीव पिल्ले पिता एन.आर.के. पिल्ले उम्र 46 वर्ष जाति क्षत्रिय निवासी ग्राम कतियाररास तहसील दंतेवाड़ा जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा छ.ग. के द्वारा नगरीय क्षेत्र कतियाररास, प.ह.न. 14 में स्थित भूमिस्वामी हक के खाते की भूमि खसरा नं. 261/83 रकबा 0.9220 है. में से रकबा 0.028 हे. को क्रेता श्रीमती अंजना सिंह राठौर पति सुजीत कुमार सिंह राठौर उम्र 42 वर्ष जाति क्षत्रिय निवासी जगदलपुर तहसील जगदलपुर जिला बस्तर, छ.ग. को भूमि विक्रय करने की अनुमति प्राप्त करना चाहता है। इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा या आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 23/03/2023 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा या आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त किसी भी प्रकार की कोई दावा या आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पदमुद्रा से आज दिनांक 23/02/2023 को जारी किया जाता है ।

सील तहसीलदार
दंतेवाड़ा

कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति, लोरमी जिला-मुंगेली (छ.ग.)

क्रमांक/मंडी/निर्माण/2022-23/941 लोरमी, दिनांक 21.03.2023

// संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना //

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदार से निम्नांकित कार्य हेतु प्रत्येक कार्य के लिये अलग-अलग प्रपत्र ''ए'' (तीन लिफाफा पद्विति) में निविदा आमंत्रित की जाती है :-

01. निविदा प्रपत्र क्रय करने के लिये कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर शुल्क नगद जमा कर निविदा प्रपत्र प्राप्त करने का दिनांक :- 28-03-2023 (शाम 5.30 बजे)
02. निविदाएं रजिस्टर्ड पोस्ट / स्पीड पोस्ट से कार्यालय में प्राप्त करने का दिनांक :- 05-04-2023 (शाम 5.30 बजे)
03. निविदा खोलने का दिनांक :- 08-04-2023 (दोपहर 3.00 बजे से)

क्र.	कार्य का नाम एवं स्थल	अनुमानित लागत (लाख रु.में)	बयाने की राशि रु. एफ. डी.आर. में	ठेकेदार की श्रेणी	कार्यावधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	लागू दर अनुसूची
1	सी.सी. रोड निर्माण 320 मी. धान खरीदी केन्द्र उजियारपुर (धोंधापारा)	19.77	14800/-	डी एवं उच्च	3 माह	1000/-	छ.ग. शासन लो.नि.वि. भवन/सड़क निर्माण कार्य हेतु दिनांक 1.1.2015 से प्रभावशील एस.ओ.आर. एवं निविदा जारी दिनांक तक संशोधित
2	सी.सी. रोड निर्माण कार्य, ग्राम पंचायत (फुलवारी कला)	10.62	11000/-	डी एवं उच्च	3 माह	1000/-	
3	सी.सी. रोड निर्माण कार्य, ग्राम पंचायत गैलूगांव	17.21	13000/-	डी एवं उच्च	3 माह	1000/-	
4	सी.सी. रोड निर्माण कार्य, ग्राम पंचायत उजियारपुर (धोंधापरा)	18.97	14000/-	डी एवं उच्च	3 माह	1000/-	
5	किसान कुटीर निर्माण, रोंका (द्वितीय निविदा हेतु)	13.59	10000/-	डी एवं उच्च	4 माह	1000/-	
6	स्वागत द्वार निर्माण, मूल मंडी प्रांगण लोरमी (द्वितीय निविदा हेतु)	6.28	6500/-	डी एवं उच्च	2 माह	1000/-	

उपरोक्त कार्य हेतु निविदा की सामान्य शर्ते एवं अन्य जानकारियां कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त / देखे जा सकते है, जो कि निविदा अनुबंध का अनिवार्य भाग होगा।

संवाद-36016/2

भारसाधक अधिकारी / सचिव
कृषि उपज मंडी समिति लोरमी
जिला- मुंगेली (छ.ग.)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सरोरा रोड, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर वर्मा एग्जोटीका फ्लैट नंबर 103, सर्किट हाउस के सामने बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- प्रमोद शर्मा* प्रबंध संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, फोन नंबर : 8120029029-9406245514, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

न्यूज गैलरी

स्वच्छता के लिए निकाली जन जागरूकता रैली

गरियाबंद/नवप्रदेश। नगर पंचायत राजिम क्षेत्रांतर्गत जिला प्रशासन के निर्देशानुसार 20 मार्च 2023 को प्रातः 9 बजे नगर पंचायत राजिम कार्यालय से पं. सुन्दरलाल शर्मा चौक होते हुए गरियाबंद रोड मस्जिद तक एवं गरियाबंद रोड से श्यामाचरण शुक्ल चौक से पं. सुन्दरलाल शर्मा चौक होते हुए वापस नगर पंचायत कार्यालय में स्वच्छता के प्रति जन जगरूता अभियान रैली का आयोजन किया गया। जिसमें नगर पंचायत राजिम की स्वच्छता दीदीयों सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं कन्या शाला, बालक शाला, दैवीय सम्पद की छात्राओं ने बड़ी संख्या में शामिल हुए। इनके द्वारा स्वच्छता एवं साफसफाई की जागरूकता संबंधी नारे लगाये गये एवं नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया है। आयोजन को सफल बनाने में अनुविभागीय दण्डाधिकारी राजिम सुश्री पूजा बंसल, मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री चंदन मानकर, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्री देवांगन एवं शालाओं के शिक्षक तथा स्वास्थ्य विभाग एवं पुलिस प्रशासन का सक्रिय सहयोग रहा।

सीएम से मिलकर पंजवानी ने सिंधी समाज के लिए रखी विभिन्न मांगें

राजनांदगांव/नवप्रदेश। विगत मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रवास के दौरान दिग्विजय कालेज में आयोजित वार्षिक पदक वितरण समारोह के दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं राज्य सिंधी अकादमी बोर्ड के सदस्य अशोक पंजवानी ने श्री बघेल से सौजन्य भेंट की। इस मौके पर श्री पंजवानी ने मुख्यमंत्री श्री बघेल को एक मांग पत्र सौंपा, जिसमें उन्होंने शहर के लालबाग में सामाजिक भवन बनाने और शहीद हेमू कालानी के नाम पर प्रवेश (स्वागत) द्वार बनाने हेतु राशि की स्वीकृति प्रदान करने की मांग की। श्री पंजवानी के पत्र को मुख्यमंत्री ने ध्यानपूर्वक पढने़ के उपरांत कहा कि आपने पहली बार अपने समाज के लिए मुझसे कुछ मांगा है, इसलिए आपकी दोनों मांगों को जरूर पूरा किया जाएगा। मुख्यमंत्री द्वारा उक्त दोनों मांगों पर सहर्ष मंजूरी देने पर उनका आभार व्यक्त किया। श्री पंजवानी ने कहा कि वे हमेशा समाज के हित में काम करते रहेंगे।

सुधारनदास को मिला समरसता पुरुस्कार

नवागढ़/नवप्रदेश। कौड़िया में रविवार को आयोजित होली रंग महोत्सव एवं सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि इंदिरा कला एवं साहित्य विश्व विद्यालय खैरागढ़ की कुलपति पद्मश्री ममता चंद्राकर ने ग्राम भवरदा निवासी सुधारन दास कौशल को गुरु आगम दास सामाजिक समरसता सम्मान पुरुस्कार से सम्मानित किया। नवागढ़ वासियों ने पुरस्कार पर हर्ष जताया है।

नवागढ़ में मनाई कर्मा जयंती

नवागढ़/नवप्रदेश। नवागढ़ स्थित मां कर्मा मंदिर में कर्मा जयंती मनाया गया। इस अवसर पर नवागढ़ मंडल अध्यक्ष चंद्रपाल साहू, महामंत्री सुरेश साहू, पूर्व जनपद सदस्य निमिराज सोनवानी, नंदू साहू, जितेंद्र साहू आदि ने कर्मा माता का पूजन अर्चन कर आशीर्वाद लिया।

यूपी का ठगबाज कवर्धा पुलिस के गिरफ्त में

कवर्धा/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमति मनीषा ठाकुर रावटे, उप पुलिस अधी, संजय पुढे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक एम बी पटेल के कुशल नेतृत्व में ठगी के अपराधों के निराकरण करने आदेश पर प्रार्थी ने दिनांक 27.01. 2023 को थाना आकर रिपोर्ट दर्ज करायी कि सुहेल अहमद एवं सफीख खान मुझे मुझे कन्देटार वायर 06 बम को नगद रकम 10,80000/- रूपये में खरीदा था जिसे जिसे ट्रक से लोड करवा कर स्टोर से निकलवा कर अपने घर के लिये निकला था। सुहेल अहमद एवं सफीक खान ट्रक को वापस बुलाकर मटेरियल स्टोर में अनलोड कराया था। उसके बाद दोनों व्यक्ति मोबाइल बंद कर फरार हो गए है । रिपोट पर अपराध 117/23 धारा 420,34 भादवि पंजीकृत बध कर कर विवेचना में लिया प्रकरण सदर के आरोपी सुहेल अहमद पिता मोहम्मद मुजमिल 32 साल साकिन आजाद नगर इल्तिजानाहिमपुर जिला अम्बेडकर नगर उ.प्र. को गिरफ्तार किया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरी एम.बी.पटेल, सनि ,आशीष सिंह सउनि चंद्रकांत तिवारी प्रआर 297 चुम्मन साहू आर. 998 राजेन्द्र सराहनीय योगदान।

हिंदू स्वाभिमान जागरण संत पदयात्रा का समापन

बेमेतरा/नवप्रदेश। प्रदेश के चारों दिशाओं से निकली हिंदू स्वाभिमान जागरण संत पदयात्रा का राजधानी रायपुर के रावण भाटा मैदान में आज समापन हुआ। समापन के अवसर पर बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के किसान नेता योगेश तिवारी सैकड़ों सनातनियो के साथ शामिल हुए। किसान नेता की ओर से समापन पर प्रदेशभर से आने वाले हजारों सनातनियो के लिए प्रसादी की व्यवस्था की गई हैं। विश्व हिंदू परिषद की ओर से आयोजित धर्मसभा में महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरी जूना अखाड़ा प्रमुख, जितेंद्रनंद सरस्वती महामंत्री काशी अखिल भारतीय संत समिति, शदाणी दरबार के संत युधिष्ठिर लाल, साध्वी प्राची, बालयोगेश्वर उमेश नाथ, पुष्पेंद्र पूरी, राजीव लोचन दास, स्वामी परमानंद स्वामी, प्रेम स्वरूपानंद, महामंडलेश्वर स्वामी सर्वेश्वर दास, राधेश्याम दास, आचार्य राकेश, रामानंद सरस्वती, सीताराम दास, लक्ष्य राम, साध्वी संतोषी भारती समेत देश भर से आए सैकड़ों संत शामिल हुए। हिंदू पूरे विश्व को कुटुंब मानते हैं - धर्म सभा में उपस्थित सनातनियो को संबोधित करते हुए जूना अखाड़ा प्रमुख स्वामी अवधेशानंद गिरी महाराज ने कहा कि जापान के लोग जापानी, लेबनान के लिए लेबनानी, यूरोप के यूरोपियन, अमेरिका में अमेरिकन तो फिर हिंदुस्तान में रहने वाला वह हर व्यक्ति हिंदू हैं। उन्होंने कहा कि लाखों लाख साल पहले हम हिंदू थे, हिंदू हैं और हिंदू रहेंगे। हिंदू पूरे विश्व को कुटुंब मानते हैं। किसी को दुख देना नहीं जानते, छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया, यहां बड़े ही भोले और नैसर्गिक प्राणी हैं। यहां का रायपुर अद्भुत दिखाई पड़ता हैं। हनुमान चालीसा सप्ताह में एक दिन अवश्य करें हर दिन मंदिर जाएं। जिस दिन हिंदू कट्टर हो गया, पूरी धरती पर शांति और समाधान के मार्ग खुल जाएंगे। इस धरती पर हिंसा नहीं रहेगी। संत यात्रा जागरण की यात्रा हैं। सामाजिक विषमता धर्मांतरण समेत अन्य मुद्दों को लेकर निकाली यात्रा - इस अवसर पर किसान नेता ने बताया कि महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर निकली यह यात्रा प्रदेश के 34 जिलों से होकर गुजरी और 30 दिनों बाद रायपुर में समापन हुआ हैं। सन्तो की यात्रा का उद्देश्य सनातनियो के बीच संगत एवं पंगत के माध्यम से संगठित हिंदू समाज प्रगटीकरण कर हिंदू भाव जागृत करना हैं। समाज में बढ़ती हुई विषमता, भेदभाव जनसंख्या असंतुलन, धर्मांतरण, गोवंश हत्या, तस्करी, लव जिहाद, धार्मिक एवं सांस्कृतिक आक्रमण आदि समस्याओं के समाधान एवं जागरण, हिंदू राष्ट्र की स्थापना आदि हैं। किसान नेता के साथ सैकड़ों सनातनी यात्रा के समापन पर हुए शामिल - यात्रा के समापन पर किसान नेता योगेश तिवारी के साथ सुभऊ साहू, गोविंद साहू, गिरिश गबेल, संतोष साहू, पियूष शर्मा, राजेश साहू, हेमन्त साहू, मनोज पटेल, लखन चक्रधारी, मृत्यजय दुबे, देव्यांशु शर्मा, सिद्धांत तिवारी, मयंक साहू, अभिषेक शर्मा, मनोज सिन्हा, बलराम राय, नरेश राय, संजू बारले, टोपेंद्र सोनवानी, अविनाश राजपूत ज्ञानेश्वर साहू, लेशलाल साहू, तुलाराम साहू, रानू वर्मा, दीपक साहू, रवि वर्मा, भानू साहू, विवेक राजपुत, अजय शुक्ला, दिलीप पटेल, कृपाल सेन, नवीन वर्मा, दादू वर्मा समेत सैकड़ो सनातनी शामिल हुए।

जनचौपाल लगाकर कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्याएं

- **मांग एवं शिकायत से संबंधित 46 आवेदन मिले**

बेमेतरा/नवप्रदेश। जिला कार्यालय कलेक्टोरेट में सप्ताह के प्रत्येक सोमवार को आयोजित होने वाले जनचौपाल में कलेक्टर पदुम सिंह एल्मा ने आज जिले के विभिन्न गांवों से आये आम नागरिकों की समस्याएं सुनी और नियमानुसार शीघ्र निराकरण करने का आश्वासन दिए। जनचौपाल में मांग एवं शिकायत से संबंधित लगभग 46 आवेदन प्राप्त हुए। जनचौपाल में आये तहसील नवागढ़ के ग्राम कुंआ निवासी नूतन साहू ने छ.ग. शासन द्वारा संचालित प्रसूति सहायता योजना का लाभ दिलाने, तहसील बेरला के ग्राम हसदा निवासी केशवकुमार साहू ने अपने लगानी भूमि के सामने घास भूमि में गांव के एक व्यक्ति द्वारा अतिक्रमण किए जाने के संबंध में शिकायत की। विकासखण्ड नवागढ़ के ग्राम परसदा के ग्रामवासियों ने पक्षी विहार के जमीन में गांव के एक व्यक्ति द्वारा बेजा कब्जा कर धान, गेंहूं एवं चना की खेती करने के संबंध में शिकायत किए। तहसील बेरला के ग्राम खर्रा निवासी देवेन्द्र वर्मा ने खाद बीज के लिए अल्पकालिन ऋण प्रदाय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। तहसील देवकर के ग्राम पंचायत खुरुसबोड़ के पूर्व सरपंच तिलक मनहरे ने खुरुसबोड़ से कोहकाबोड़ तक पुल-पुलिया सहित निर्माण कार्य में घटिया मटेरियल की जांच एवं शिकायत के संबंध में आवेदन दिया। विकासखण्ड बेरला के ग्राम सांकरा निवासी मनहरण साहू ने गांव के गौठान में किए गये कार्य का परिश्रमिक राशि का भुगतान करवाने के संबंध में आवेदन दिया। तहसील बेमेतरा के ग्राम गिधवा निवासी लालू निषाद ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास मित्र के रूप में किए गए कार्य का मानदेय भुगतान करने के संबंध में आवेदन दिया। तहसील बेमेतरा के ग्राम जौंग निवासी रघुवीर क्षत्री ने किसान सम्मान निधि योजना के तहत दो किस्त की राशि दिलाने के संबंध में आवेदन दिया। ग्राम मुरकुटा के ग्रामवासियों ने मुक्तिधाम से अवैध कब्जा हटाये जाने के संबंध में आवेदन दिया। इसी तरह शाला प्रबंधन समिति शा.पूर्व.मा. शाला बेरला ने जनचौपाल में कलेक्टर को आवेदन देकर अवगत कराया कि शास पूर्व माध्य शाला बेरला (हिन्दी माध्यम) में बालक शौचालय बहुत ही जर्जर स्थिति में है। जिसके कारण विद्यालय के बालकों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए शाला प्रबंधन समिति ने शौचालय मरम्मत के लिए राशि स्वीकृत करने की मांग की। इसके अलावा जनचौपाल में नक्शा त्रुटि सुधार करने, बन्दोबस्त त्रुटि सुधार करने, आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने, फसल बीमा की राशि दिलाये जाने, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए।

अन्नदाताओं के लिए किसान भवन का होगा निर्माण

भाटापारा/नवप्रदेश। कृषि ऊपज मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा द्वारा निर्धारित कार्यक्रम में छ ग खनिज विकास निगम अध्यक्ष गिरीश देवाँगन सिमगा ब्लॉक के ग्राम गणेशपुर पहुँच कर किसान भवन का भूमिपूजन कर किसानो को सौग़ात दिया।

इस अवसर पर ग्रामवासियों को सम्बोधित करते हुये गिरीश देवांगन ने कहा की जब से प्रदेश में कांग्रेस की सरकार आई है और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बने है तब से आज तक प्रदेश की जनता जनर्दन की समस्याओं और ग्रामीण एवं शहर क्षेत्र में विकास के लिये लगातार योजनाये बनाकर अमलीजामा पहनाया जा रहा है, आज छत्तीसगढ़ के किसानो का कर्जा माफ घेरलू बिजली उपभोक्ताओं का बिजली बिल हाफ़,गौधन न्याय योजना,किसानो के धान की क़ीमत 2500 रुपया प्रति किवंतल से बड़कर 26.40 रुपया,गोबर की ख़रीदी 2रुपया प्रति किलो में ,राजीव गांधी भूमिहीन खेतिहर योजना के तहत साल में 7000 हज़ार रुपया मिलना,गाँव गाँव में हाट बाज़ार किलिनिक योजना सहित अनेक योजनाओ के माध्यम से जनता को लाभ मिल रहा है अब अपने घोषणाओं के अनुरूप शिक्षित बेरोज़गार युवाओं को 2500 सौ रुपया बेरोज़गारी भत्ता,गरीब और भूमिहीन लोगों को आवास सहित अन्य सुविधा देने 1अप्रेल से राज्य सरकार सर्वे करायेगी, गिरीश देवाँगन ने मंडी बोर्ड से कराये जाने वाले किसान भवन,किसान कुटीर,खाद गोदाम निर्माण की आधार शिला अनेक गाँवों में भूमिपूजन कर ग्रामीण विकाश में किसानो के हितार्थ विकास कार्य कराये जाने के लिये मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा की सक्रियता और जुझारूपन के लिये बधाई देते मंडी सिमिति को येसे किसान हितेषी कार्य कराने पूरा सहयोग देने की बात कही।

कार्यक्रम को मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर डॉक्टर के के नायक, सोसायटी अध्यक्ष कुबेर यदु, ज़िला महामंत्री अरुण यादव, चंद्रकुमार साहू, ब्लॉक महामंत्री हीरेंद्र कोशले पप्पू अली, सचिन शर्मा, मंडी उपाध्यक्ष चित्रलेखा साहू, ममता ठाकुर, सरपंच अमित दास, अर्चना वाणी सहित सेकडो ग्रामीण उपस्तिथ थे।

एनएच में लूट, 1 आरोपी गिरफ्तार, 2 फरार

बेमेतरा/नवप्रदेश। ग्राम खपरी थाना नांदघाट की प्रार्थिया 16 मार्च को अपने पति के साथ बाईक पर अपने घर बाईक पर अपने घर बिलासपुर जाने के दौरान दोपहर 1 बजे मोटर सायकल सवार तीन अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा उपरोक्त घटना स्थल पर लुट करते हुये एक सोना का मंगलसुत्र, एक जोडी सोना का कान का टाप्स, एक जोडी चांदी का पायल एवं नगद रकम 7 हजार रुपये कुल जुमला 57 हजार रुपये को लुट कर भाग गया। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर थाना नांदघाट में अपराध क्रमांक 63/2023 धारा 392,34 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया।

आरोपियों के द्वारा इस अपराध के पश्चात बिलासपुर में भी मारपीट की घटना कारित कर चार लोग रायपुर वापस आये थे तथा रायपुर में अपने एक साथी को छोडकर संदिग्ध अवस्था में घुमते पाये जाने पर थाना पुरानी बस्ती रायपुर द्वारा नियमित चेक गस्त के दौरान तीन लोगों के विरूद्ध धारा 41(1-4) जाफौ., 379, 34 भादवि. के तहत कार्यवाही कर जेल भेजा गया था। विवेचना के दौरान इनके एक आरोपी साथी की पतासाजी कर पकडा गया, जिससे लूट का माल बरामद कर पुछताछ करने पर उपरोक्त घटना क्रम की विस्तृत जानकारी आरोपी के द्वारा दी गई। सभी आरोपियों शिवम चोटलिया ऊर्फ मख्खी पिता धर्मेन्द्र चोटलिया उम्र 19 साल साकिन चौबे कालोनी जोरा पारा माँ किराना स्टोर के पास महराजीन बाडा वार्ड नं. 54 थाना सरकण्डा जिला बिलासपुर, राजचंदरिया रीवारीव गोडपारा बिलासपुर, रितिक गायकवाड पता-गंगाबाई घाट शिवा नगर थाना कोतवाली नागपुर महाराष्ट्र के विरूद्ध विधिवत कार्यावाही की जा रही है।

विस में डॉ. रेणु जोगी ने उठाया भू-खनन का मामला

कवर्धा/नवप्रदेश। डॉ रेणु जोगी ने जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि बीते दिनों विकासखण्ड बोड़ला में ग्राम भलपहरी के गिट्टी खदान के सम्बंध में ग्रामवासियों द्वारा उससे हो रहे है नुकसान के कारण ,खदान को बंद कराने ग्रामीण, स्थानीय विधायक केबिनेट मंत्री अकबर से लेकर कलेक्टर तक आवेदन दिया गया था फिर भी कार्यवाही नही हुई। इस विषय को लेकर जोगी कांग्रेस की सुप्रीमो डॉ रेणु जोगी ने विधानसभा में यह मामला उठाया। डॉ रेणु अजीत जोगी ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से पूछा कि क्या कबीरधाम जिले के बोड़ला ब्लॉक के भलपहरी ग्राम पंचायत में चूना पत्थर खदान को बंद करवाने के लिए ग्रामसभा से पारित प्रस्ताव विभाग को प्राप्त हुआ है? क्या उक्त खनन से भू- गर्भ को हो रहे नुकसान, जल स्त्रोतों के सूखने, घरों में पड़ रही दरारों के नुकसान का आंकलन शासन द्वारा किया गया है? यदि हाँ तो इस नुकसान को रोकने के लिए शासन द्वारा क्या कदम उठाये गए हैं?

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जवाब दिया कि जी हां। कबीरधाम जिले के बोड़ला ब्लॉक के भलपहरी ग्राम पंचायत में खसरा क्रमांक 163 रकबा 2.023 हेक्टेयर पर चुना पत्थर खदान को बंद करवाने के लिए ग्राम सभा से पारित प्रस्ताव 23.1.2023 को प्राप्त हुआ है। खनन से भू गर्भ को हो रहे नुकसान ,जल स्त्रोतों के सूखने ,घरों में पड़ रही दरारों के नुकसान का आंकलन करने जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार संयुक्त जांच हेतु खनिज अधिकारी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, विभाग के सहायक अभियंता एवं तहसीलदार द्वारा निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण में खनन से जलस्त्रोत आदि प्रभावित नही पाया गया । वर्तमान में भू जल स्तर 17 मीटर से 20 मीटर में पाया गया । ख. क्या उक्त खनन के लिए खसरा नंबर 163 में 1.740 हेक्टेयर में स्थित खदान की लीज 31 मार्च 2020 को समाप्त हो चुकी है?

कॉलेज छात्रों ने किया विधानसभा का भ्रमण

भाटापारा/नवप्रदेश। विधायक शिवरतन शर्मा के सहयोग से शा. गजानंन्द महाविद्यालय व गोविंद सारंग विधि महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने विधानसभा का शैक्षणिक भ्रमण किया। विद्यार्थियों ने विधानसभा के कार्यवाही, परिसर का भ्रमण, पुस्तकालय भ्रमण पश्चात पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल पूर्व नेता प्रतिपक्ष धरम लाल कौशिक अकलतरा विधायक सौरभ सिंह से सौजन्य भेंट किया व सभा कक्ष में विभिन्न विषयों पर विद्यार्थियों से अपना अनुभव साझा कर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। गजानंन्द महाविद्यालय से राजनीतिक विभाग के प्रोफेसर रंजन तिवारी व विधि महाविद्यालय विधायक प्रतिनिधि अभिषेक मिश्रा भी विद्यार्थियों के साथ उपस्थित रहे।

भिभौरी में खुलेगा विद्युत वितरण केंद्र

बेमेतरा/नवप्रदेश। विधायक आशीष छाबड़ा के प्रयासों से भिभौरी नगर पंचायत में खुलेगा विद्युत वितरण केंद्र जिससे होगा लोगों के विद्युत संबंधी समस्याओं का त्वरित निराकरण विद्युत वितरण केंद्र प्रारंभ करने का आदेश आज राज्य विद्युत वितरण केंद्र के राज्य कार्यालय से जारी किया गया। जिसमें विभिन्न पदों की स्वीकृति सहित विद्युत वितरण केंद्र में गाड़ी की सुविधा भी प्रदान की गई हैं। विधायक आशीष छाबड़ा अपने कार्यकाल के प्रथम दिवस से ही भिभौरी क्षेत्र के विकास के लिए कृत संकल्पित होकर कार्य कर रहे जिसका नतीजा है कि अन्य क्षेत्रों के साथ-साथ विद्युत वितरण केंद्र की भी सौगात भिभौरी क्षेत्र को मिली हैं। अब भिभौरी क्षेत्रवासियों को अपनी विद्युत संबंधित समस्याओं के लिए बेरला विद्युत वितरण केंद्र पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। सभी समस्याओं का निराकरण भिभौरी में ही हो जाएगा, भिभौरी में विद्युत वितरण केंद्र प्रारंभ होने से पावर कट की समस्या सहित ट्रांसफार्मर इत्यादि की समस्याओं से भी किसानों को निजात मिल सकेगी, साथ ही बढ़े हुए विद्युत बिल की शिकायतें भी भीभौरी विद्युत वितरण केंद्र से ही दूर की जा सकेगी, जूनियर इंजीनियर, क्लर्क ग्रेड 3,क्लर्क ग्रेड 2 सहित अन्य 7 पदों का पदस्थापना आदेश जारी किया गया हैं। विद्युत वितरण केंद्र में लगभग साथ में लोगों की नियुक्ति में स्थानीय लोगों को रोजगार प्राप्त होने की संभावना हैं। ज्ञात हो कि विधायक आशीष छाबड़ा जब से विधायक बने हैं तब से उन्होंने भीभौरी क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए सुनियोजित ढंग से कार्य किया है जिसके फलस्वरूप पहले भिभौरी को उप तहसील का दर्जा दिलाना फिर नगर पंचायत का दर्जा दिलाना तथा भिभौरी को पूर्ण तहसील का दर्जा दिलाना तथा पिरदा से भीभौरी मार्ग का चौड़ीकरण एवं डिवाइडर निर्माण तथा मुख्यमंत्री के आगमन पर भिभौरी नगर पंचायत में शासकीय महाविद्यालय की स्थापना की घोषणा भिभौरी क्षेत्र का पूर्ण रूप से कायाकल्प विधायक आशीष छाबड़ा के कार्यकाल में ही हुआ है।

गौठान के लिए शासन द्वारा बजट प्रावधान नहीं : शर्मा

- **मनरेगा, डीएमएफ 14वें-15वें वित्त, स्वच्छ भारत मिशन से गौठानों का निर्माण, 101987 लाख खर्च**

भाटापारा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा में सोमवार को आदर्श मानक गौठान और गौठानों के लिए खर्च की गई राशि का मुद्दा उठा. विधायक शिवरतन शर्मा के सवाल के जवाब में कृषि मंत्री रविंद्र चौबे ने बताया कि पशुधन विकास विभाग द्वारा 2020-21 से 31 जनवरी 2023 तक गौठान निर्माण के लिए बजट प्रावधान नहीं किया गया है. उन्होंने यह भी बताया कि गौठानों के निर्माण में मनरेगा, डीएमएफ 14वें वित्त, 15वें वित्त, रूर्बन, प्राधिकरण, स्वच्छ भारत मिशन और मूलभूत, अधोसंरचना निर्माण, आकेवीवाय आदि मदों व योजनाओं की राशि का उपयोग किया जा रहा है.

प्रश्नकाल में शिवरतन शर्मा ने पूछा कि आदर्श मानक गौठान में क्या-क्या सुविधा होनी चाहिए. आदर्श मानक गौठान कितने क्षेत्रफल में होना चाहिए. शासन द्वारा मानक गौठान के लिए क्या दिशा-निर्देश दिए गए हैं. 10 मॉडल गौठान कौन-कौन से हैं, जहां गोबर खरीदी के साथ वर्मी कंपोस्ट का निर्माण किया जा रहा है.

कृषि मंत्री ने बताया, गौठान में पशुओं के लिए छायादार आश्रय स्थल, पशु शेड, पशुओं के लिए चबूतरा निर्माण, पानी की व्यवस्था, पानी टंकी, कोटना निर्माण, कम्पोस्ट निर्माण के लिए टांकों की व्यवस्था, मार्ग की सुविधा, सूखे चारे की व्यवस्था, सीपीटी निर्माण / फेंसिंग आदि सुविधा प्रथमतः होना चाहिए. आदर्श मानक गौठान 3 एकड़ से 4.50 एकड़ क्षेत्रफल में होना चाहिए.

कृषि मंत्री ले बताया कि शासन द्वारा गौठान में नियमित गोबर खरीदी कर स्व सहायता समूहों के माध्यम से वर्मी कम्पोस्ट तथा अन्य उत्पाद तैयार किए जाने के निर्देश दिए गए हैं. मॉडल गौठान के लिए पृथक से कोई परिभाषा तय नहीं है. प्रदेश में 8842 गौठानों में गोबर खरीदी के साथ ही वर्मी कम्पोस्ट निर्माण किया जा रहा है।

शिवरतन ने पूछा कि 15 फरवरी 2023 की स्थिति में कितने गौठान स्वीकृत हैं. इनमें से कितने गौठानों का निर्माण पूर्ण हो चुका है. कितने प्रगतिरत हैं और कितने का कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है।

मुख्यमंत्री महतारी न्याय रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

- **गांव-गांव में भ्रमण कर महिलाओं को उनके अधिकारों और कानूनों के प्रति किया जाएगा जागरूक**

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा में महिलाओं को उनके अधिकारों और कानूनों के प्रति जागरूक करने के लिए आज सोमवार को 'मुख्यमंत्री महतारी न्याय रथ' को रवाना किया गया। कलेक्टर पदुम सिंह एल्मा के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत अध्यक्ष रेवती साहू, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से कलेक्टोरेट परिसर से 'बात है अभिमान के, महिला मन के सम्मान के' सूत्र वाक्य के साथ मुख्यमंत्री महतारी न्याय रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। अधिकारियों ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की पहल पर राज्य की महिलाओं सहित बेमेतरा जिले के महिलाओं को उनके संवैधानिक अधिकारों और कानूनों की जानकारी देकर जागरूक करने और उनमें आत्मविश्वास बढ़ाने के उद्देश्य से यह न्याय रथ यात्रा शुरू की गई है। अधिकारियों ने बताया कि यह रथ बेमेतरा जिले के गांव-गांव तक भ्रमण कर लोगों को शॉर्ट फिल्मों, संदेशों और ब्रोशर के माध्यम से महिलाओं के कानूनी प्रावधानों और उनके संवैधानिक अधिकारों के बारे में अवगत कराएगा। रथ में बड़ी एलईडी स्क्रीन में छत्तीसगढ़ी और हिंदी भाषा की विभिन्न कानूनों से संबंधित राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत लघु फिल्में दिखाई जाएंगी। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास अधिकारी बीडी पटेल, जनसंपर्क विभाग के अधिकारी सहित महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

संविदाकर्मियों ने छतीसगढ़ी भाखा में सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

- **नियमितिकरण की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन आन्दोलन पर संविदाकर्मी**

बेमेतरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सर्व विभागीय संविदा कर्मचारी संघ के बैनर तले जिलें के अलग अलग विभागों में कार्यरत संविदा कर्मचारियों ने छत्तीसगढ़ी भाषा में तैयार कर पूरे 33 जिलों में माननीय मुख्यमंत्री के नाम जिला स्तर में 45 हजार संविदा कर्मचारियों ने ज्ञापन सौंपा। साढ़े चार साल के लम्बे इंतजार के बाद भी बजट में उनकी मांगों को शामिल नहीं किए जाने एवम मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा 22 विभागों में कार्यरत संविदा कर्मचारियों की जानकारी नहीं आने के वक्तव्य के बाद संविदा कर्मियों ने नियमितिकरण विषय पर सरकार की मंशा एवं विभागीय अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं। जिसके कारण जिले एवम राज्य के संविदा कर्मचारियों में सरकार के प्रति भारी रोष व्याप्त है। काम बंद करने की रणनीति के तहत आज पूरे कार्यालय बंद कर एकदिवसीय हड़ताल कर रैली निकाल कर जिला कार्यालय पहुंचे जहाँ कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिए।संघ के प्रदेश अध्यक्ष पूरन आनंद ने बताया कि प्रांतीय आह्वान पर जिले के संविदा कर्मचारी सोमवार को सामूहिक अवकाश में रहते हुए मुख्यमंत्री के नाम नियमितिकरण जल्द करने ज्ञापन सौंपा। विगत दिन विधानसभा सत्र में एवं मुख्यमंत्री द्वारा मीडिया के समक्ष संविदा कर्मचारियों का 22 विभागों से विभागीय अधिकारियों द्वारा जानकारी नहीं दिए जाने का उल्लेख किया गया है, जिसके बाद प्रांत स्तर से नियमितिकरण नहीं, जानकारी नहीं तो काम नहीं के तर्ज पर काम बंद करने की रणनीति बनाई गई है। जिसके तहत सोमवार कर्मचारियों द्वारा सामूहिक अवकाश लिया गया। साथी शासन के समय विभागों में कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारी के द्वारा काम बंद कर एक दिवसीय हड़ताल में बैठ कर रैली के मध्य से कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। कार्यकारी जिलाध्यक्ष डॉ. डोमन यादव, जिला सहसयोंजक दिनेश गंगबेर, तेज साहू, महिला कार्यकारणी अध्यक्ष यामिनी खुटेल, और प्रवक्त मनीष शर्मा, बृजेश दुबे एवं जिला सचिव डॉ नीलेश देवांगन, डॉ. लक्ष्मी वर्मा, डॉ भारती यादव ने कहा कि यदि सरकार अपने घोषणा पत्र में किए हुए वादे पर गंभीरता नहीं दिखाती तो जल्द ही समस्त संविदा कर्मचारी बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होंगे जिसकी समस्त जिम्मेदारी सरकार की होगी। सर्व विभागीय संविदा कर्मचारी संगठन के कहना है कि मुख्यमंत्री द्वारा विभिन्न मीडिया माध्यमों में यह कहना कि संविदा कर्मचारियों की जानकारी अभी तक प्राप्त हुई है जिस कारण नियमितीकरण की प्रक्रिया शुरू नहीं हो पाई है यह बात गले नहीं उतरती कि, शासन द्वारा किसी भी संविदा कर्मचारियों की जानकारी प्राप्त करना कोई बड़ी बात नहीं है जबकि प्रदेश में 4 साल पश्चात भी यह कार्य नहीं किया गया इससे यह प्रतीत होता है कि, नियमितीकरण के मामले को सरकार जानबूझकर लटकाने का प्रयास कर रही है ,इससे सभी संविदा कर्मचारियों में बहुत ही आक्रोश व्याप्त हैं।

छत्तीसगढ़ शासन
श्री भूपेश बघेल
मान. मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन
जो नहीं पहुंचे हम तक
हम जा पहुंचे उन तक
मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना
40 लाख लोगों का उपचार
मुख्यमंत्री दाई-दीदी मोबाइल क्लिनिक योजना
1.40 लाख से ज्यादा महिलाओं का इलाज
मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक योजना
84 लाख लोगों को मुफ्त चिकित्सा सेवाएं
सेवा-जतन-सरोकार, छत्तीसढ़ सरकार
Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprCg.gov.in
संवाद - 34699